## न्यूज ब्रीफ

### रोड किनारे खड़ी पिकअप वैन चोरी

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक महिन्द्रा पिकअप वैन पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित द्वारा कई दिन तक खोजबीन करने के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं लग सका, जिसके बाद पुलिस से शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराया गया है। नगर के टठराही वार्ड निवासी मनोज कुमार अग्रवाल ने दी तहरीर में बताया कि उनकी महिन्द्रा पिकअप वैन 21 मार्च की रात उनकी दुकान के पास, सुल्तानपुर रोड किनारे खड़ी थी। इसी दौरान अज्ञात चोर वाहन चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला।

### स्मैक और बाइक समेत एक गिरफ्तार

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान शनिवार की रात एक युवक को पचास ग्राम स्मैक व एक बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़ा गया युवक हैदरगढ़ के केल्हनुआ गांव निवासी सुनील कुमार लोध बताया जाता है।

### महिलाओं को दी गई सुरक्षा की जानकारी

**फतेहपुर, बाराबंकी:** पचघरा-2 में मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में फतेहपुर कोतवाली की उप निरीक्षक सुषमा सोनकर ने महिलाओं को विभिन्न पुलिस हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा संबंधी उपायों की जानकारी दी। इस दौरान कांस्टेबल सुष्मिता और समाजसेवी सौरभ वर्मा ने महिलाओं से सरकार की इस कल्याणकारी योजना का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# आग से सीएचसी में खड़ी 13 एंबुलेंस राख

## नीलामी की प्रक्रिया में थीं कुल 43 एंबुलेंस, स्वास्थ्य महकमे को करोड़ों रुपये का हुआ नुकसान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


सीएचसी परिसर में धू-धूकर जलती एंबुलेंस। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जैदपुर कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रविवार दोपहर बड़ी घटना हुई। यहां पर बड़ी संख्या में खड़ी 108 एंबुलेंस में अचानक आग लग गई, जो हवा का सहारा पाकर फैलती गई। बचाव कार्य शुरु होने तक 13 एंबुलेंस जलकर राख हो गईं थीं। स्वास्थ्य विभाग की मानें तो नीलामी लायक 43 निष्प्रयोज्य एंबुलेंस खड़ी थीं, जिनमें 13 जली हैं। कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन नीलामी से पहले ही करोड़ों रुपये आग की भेंट चढ़ गए। जानकारी के अनुसार आग लगने की यह घटना रविवार दोपहर बाद हुई। कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर के एक हिस्से में करीब 43 एंबुलेंस खड़ी थीं। विभाग बता रहा कि यह सभी नीलामी की प्रक्रिया में थीं हालांकि अभी नीलाम शुरु नहीं हुई थी। बिल्कुल किनारे खड़ी एक एंबुलेंस से अचानक धुआं उठने लगा और आग की तेज लपटें निकलने लगीं। कोई जान पाता, तब तक इन लपटों ने एक के बाद एक एंबुलेंस को चपेट में लेना शुरु कर दिया। आग की ऊंची लपटों को देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी, वहीं सीएचसी में मौजूद स्टाफ भी घबराकर तितर बितर हो गया। खबर पाते ही जैदपुर एसओ संतोष सिंह मौके पर पहुंचे, वहीं दमकल विभाग को भी बुलाया गया। टीम के पहुंचने तक आग काफी विकराल हो गई थी। करीब आधे घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक करीब 13 एंबुलेंस जलकर राख हो गईं। निकट ही इस्तेमाल की जा रही एंबुलेंस आनन फानन में अलग की गईं। आग पर काबू पाने के बाद स्टाफ व पुलिस ने राहत की सांस ली। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर जगदीश प्रसाद ने बताया कि जल चुकीं एंबुलेंस कुल 43 में शामिल हैं, जो बेकार हो चुकी थीं, जिनकी नीलामी प्रक्रिया जारी थी। डिप्टी सीएमओ डॉ. डीके श्रीवास्तव ने बताया कि घटना में 13 एंबुलेंस जलकर राख हुई हैं। आग परिसर में नहीं लगी बल्कि चहारदीवारी पार से कुछ जलाया गया। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।


चिकित्सक को प्रतीक चिन्ह देते आयोजक। अमृत विचार

### यात्रियों को पेयजल तथा दंत रोगियों को मिली दवा

**निन्दूरा, बाराबंकी:** धर्मजागरण बाराबंकी धाम की ओर से जिले में लगातार चौथे वर्ष रेलवे स्टेशनों पर जल एवं मिष्ठान वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संयोजक अमित अवस्थी अधिवक्ता ने मुंडा गोपाल रेलवे हाल्ट से की। इस दौरान सीतापुर से गोंडा और गोंडा से सीतापुर के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों में यात्रियों को जल व मिष्ठान वितरित किया गया। वितरण कार्य में संगीत पाठक, विष्णु कुमार मौर्य, जितेंद्र सिंह, रामसेवक प्रधान और मनोज कुमार सहित अन्य धर्मसेवकों ने सक्रिय सहयोग दिया। इसी क्रम में मुंडा गोपाल आश्रम परिसर में दासगणु वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित द्वारिका माई डेंटल हॉस्पिटल की ओर से नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. ऋषिकांत शुक्ल, डॉ. नेहा पटेल, शिखा वर्मा और सुभाष ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कैंप में आसपास के ग्रामीणों रमेश गौतम, रामराज यादव, उमेश प्रजापति समेत कई लोगों ने दंत परीक्षण कराया।

## दबंगों ने घर के बाहर बैठे परिवार पर किया हमला

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी:** थाना क्षेत्र रामसनेहीघाट के पूरे पोखई मजरे गुनौली गांव में दबंगों द्वारा घर के बाहर बैठे परिवार पर हमला किया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी राम समुझ ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 28 मार्च की शाम करीब 8 बजे उनकी पत्नी घर के सामने बैठी थीं। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोग शराब के नशे में वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार, जब वह अपनी पत्नी को बचाने पहुंचे तो हमलावरों ने उन्हें भी लाठी-डंडों और लात-घूंसों से जमकर पीटा। हमले में उनके पैर में गंभीर चोट आई है, जबकि पत्नी और पुत्री को भी चोटें आई हैं। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## बाहर की दवाएं लिखे जाने से मरीजों को हो रही परेशानी

**बनीकोडर, बाराबंकी:** सीएचसी रामसनेहीघाट में मरीजों को बाहर से दवाएं लिखे जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अस्पताल में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता होने के बावजूद कुछ डॉक्टर बाहर की दवाएं लिख रहे हैं। अस्पताल परिसर में निजी मेडिकल स्टोर और पैथोलॉजी सेंटर के कर्मचारियों का लगातार आना-जाना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। बीयूएमएस डिग्रीधारी डॉक्टर अंग्रेजी दवाएं लिखते हुए देखे गए, जो व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। मरीज राम आधार ने बताया कि उन्हें खांसी की शिकायत थी, लेकिन डॉक्टर ने बाहर की दवा लिख दी, जबकि उनके पास पैसे नहीं थे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाराबंकी डॉ. अवधेश यादव को जब इस मामले की जानकारी दी गई तो उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं और बाहर से दवा लिखना गंभीर मामला है। इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक रामसनेहीघाट से बातचीत कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## गला दबाकर विवाहिता को मारने की कोशिश, रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर, बाराबंकी:** दहेज की मांग का विरोध करने पर एक महिला का गला दबाकर ससुरालियों ने जान लेने की कोशिश की। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र में सिहाली निवासी उम्मे कुलसुम ने तहरीर में बताया कि उसका निकाह कन्दरौला निवासी मो. नदीम से हुआ था। आरोप है शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज को लेकर विवाद करता था। करीब 10 माह पहले सास, ससुर, पति और जेठ ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और गला दबाने की कोशिश की। साथ ही मायके से 4 लाख रुपये लाने का दबाव बनाया गया। किसी तरह जान बचाकर उसने अपने पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी। यह भी आरोप लगाया कि ननद और देवर ने भी उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उसे घर से निकालने की कोशिश की। दो साल की बेटी के साथ खुद को असुरक्षित महसूस करते हुए पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विवाहिता को पीटकर जेवर व दस्तावेज छीने

**रामनगर, बाराबंकी:** कोतवाली क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। लखनऊ में इंदिरानगर थाना क्षेत्र निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री अनन्या गौतम की शादी रामनगर कस्बा निवासी विकास गौतम से की थी। आरोप है शादी के बाद से ही लोग कम दहेज मिलने की बात कहकर उसे प्रताड़ित करते रहे। ससुराल पक्ष द्वारा 6 लाख नकद, फ्रिज और चेन की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसे कमरे में बंद कर बेल्ट और लात-घूसों से बुरी तरह पीटा गया, जिससे उसके शरीर व आंख में गंभीर चोटें आईं। यह भी आरोप है कि ससुराल वालों ने पीड़िता के जेवरात, जरूरी शैक्षिक प्रमाणपत्र, मोबाइल फोन और करीब 10 हजार रुपये नकद भी अपने कब्जे में ले लिए। इतना ही नहीं, विरोध करने पर जान से मारने और दस्तावेज जलाने की धमकी भी दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों के साथ भी अभद्रता की गई।


वार्षिकोत्सव समारोह में मोहक नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

### 'मयुख 2026' में दिखी हुनर की चमक, मेधावियों को किया सम्मानित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रविवार को बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव समारोह 'मयुख 2026' का भव्य आयोजन स्थानीय जीआईसी ऑडिटोरियम, बाराबंकी में किया गया। कार्यक्रम में बालाजी का बचपन, टाइम्स पब्लिक स्कूल और बालाजी किड्स की संयुक्त भागीदारी रही। मुख्य अतिथि जतिन वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि हिमांशु सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत बालाजी का बचपन की प्रधानाचार्या सविता कौर एवं टाइम्स पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या नाजिया फातिमा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। वहीं बालाजी किड्स की प्रधानाचार्या निखत परवीन और उप-प्रधानाचार्या अल्पना कौर ने अतिथियों को स्मृति स्वरूप पौधे भेंट किए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक अंकुर माथुर ने बताया कि बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने अपने गौरवशाली 30 वर्ष तथा 'बालाजी का बचपन' ने 15 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए हैं। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय सभी अभिभावकों, शिक्षकों और सहयोगियों को दिया। कार्यक्रम में संस्थापक रवींद्र माथुर, प्रिया माथुर और चंद्रशेखर काण्डपाल को भी सम्मानित किया गया। समारोह में वर्षभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा 8 की अलंकृता सिंह को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' का खिताब और 5100 रुपये की धनराशि प्रदान की गई।

# कोरोना काल के सितम भूली नहीं है जनता: अजय राय

रामसनेहीघाट, बाराबंकी


संवाद सम्मेलन में बोलते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष।

**अमृत विचार:** दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के कोटवा सड़क स्थित महाराजा लॉन में रविवार को आयोजित संविधान संवाद सम्मेलन में कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संविधान और लोकतंत्र की बुनियाद को कमजोर कर रही है तथा प्रदेश में नफरत की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बड़े बैंक घोटालों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि हजारों करोड़ रुपये लेकर कई लोग विदेश भाग चुके हैं, जो जनता की मेहनत की कमाई है। उन्होंने मांग की कि इन घोटालों के जिम्मेदार लोगों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाए और जनता का पैसा वापस लाया जाए। महंगाई और बेरोजगारी पर सरकार को घेरते हुए अजय राय ने कहा कि गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल और रोजमर्रा की वस्तुओं के बढ़ते दामों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि बिना तैयारी के लगाए गए लॉकडाउन ने लाखों मजदूरों को सड़कों पर ला दिया। राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने भी भाजपा पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनता अब इन नीतियों को समझ चुकी है और प्रदेश में बदलाव की लहर दिखाई दे रही है।

### टूटी होर्डिंग से बढ़ी हलचल

सम्मेलन से पहले अहमदपुर टोल प्लाजा के पास लगाए गए कार्यक्रम के होर्डिंग अज्ञात लोगों द्वारा तोड़े जाने से माहौल गरमा गया। कांग्रेस नेताओं ने इसे राजनीतिक द्वेष की कार्रवाई बताते हुए प्रशासन से जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इस घटना से कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखा गया। कार्यक्रम के आयोजक और प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य अब्दुल्ला शेर खान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान धीरज सिंह, आराधना मिश्रा, वीरेन्द्र सिंह सहित कई नेताओं ने अपने विचार रखे।

## गर्भ कल्याणक महोत्सव में जमकर झूमे भक्त

**फतेहपुर, बाराबंकी:** महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर नगर स्थित जैन धर्मशाला में भगवान महावीर का गर्भ कल्याणक महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए और भजनों पर झूमते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त करने वाले पवन कुमार जैन एवं उनकी पत्नी को उनके आवास से बग्घी पर गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर जैन धर्मशाला लाया गया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे, जिससे पूरे नगर में उत्सव का माहौल बन गया। जैन धर्मशाला में माता के 16 स्वप्नों का आकर्षक मंचन किया गया, जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इसके पश्चात सौधर्म इंद्र द्वारा नगरी की रचना और कुबेर इंद्र द्वारा रत्नवृष्टि का भव्य दृश्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सुंदर भजनों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

### पत्नी से विवाद के बाद आत्महत्या की कोशिश

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बरांवा गांव में शनिवार देर रात पति पत्नी के बीच विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। यह देख परिजनों ने उसे उतारकर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी प्रवेश कुमार 31 वर्ष का शनिवार रात किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। इसके थोड़ी देर बाद कमरे में गई पत्नी ने पति को गले में रस्सी के सहारे छत से लटके देखा। चीख पुकार करते हुए पत्नी ने अपने पति को बचाने का प्रयास किया। जिसके बाद पहुंचे आस-पड़ोस के लोगों ने कुंडे से लटक रहे युवक को नीचे उतारा और आनन-फानन में परिजन आधी रात को ही युवक को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर अवस्था में इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा दिया गया। हालांकि पुलिस ने ऐसी जानकारी से इंकार किया है।

## लकड़ी तोड़ रहे युवक की पेड़ से गिरकर गई जान

**निन्दूरा, बाराबंकी:** रविवार दोपहर पेड़ पर चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा युवक जमीन पर जा गिरा। अस्पताल में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बड्डूपुर थाना क्षेत्र के कोठी पुरवा मजरे ओझियापुर गांव निवासी विशुन कुमार 36 पुत्र स्व. बाबूराम मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार दोपहर वह गांव के बाहर जामुन के पेड़ पर चढ़ कर लकड़ी तोड़ रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह विशुन का संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़ा। घटना में गंभीर रूप से घायल विशुन को परिजनों ने उसे आनन-फानन स्थनीय अस्पताल पहुंचाया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना से मृतक के घर में कोहराम मचा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि पेड़ से गिरकर युवक की मौत हुई है।

# कमाऊ पूत खोने के बाद सदमे में बब्लू के परिजन

**फॉलोअप**

संवाददाता टिकैतनगर, बाराबंकी


पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी शंकर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** एक दिन पहले सरयू नदी की तराई में जो भी हुआ उसे पैशाचिक कृत्य की संज्ञा देना गलत न होगा। समय बीतते ही कई नई बातें भी सामने आईं, जिसने हत्यारे की मनोवृत्ति को उजागर कर दिया। जैसे कि वह मामा कहने से बुरी तरह भड़क जाता था, हर समय हाथ में बांका लिए रहता था। वहीं घर ले जाकर शंकर ने न सिर्फ सिर चूल्हे में जलाया बल्कि उसके चंद हिस्से को नेवाला भी बनाया। दूसरी ओर पोस्टमार्टम के बाद मृतक बब्लू का शव घर पहुंचा तो परिजन चीत्कार उठे। ग्रामीणों में चर्चा व गांव से मिली जानकारी के अनुसार हत्यारा शंकर बहुत ही गुस्सैल प्रवृत्ति का था, परसपुर गोण्डा से आए सगे भांजे द्वारा मामा कहे जाने से भड़के शंकर ने उसे बांका लेकर दौड़ा लिया था। परिवार से अलग रहने के साथ ही उसकी किसी से नहीं बनती थी, गांव में रंजिश तो थी ही। वह एक मामले में जेल भी हो आया था। शनिवार को उसके छप्पर तक पहुंची पुलिस ने जब उससे बब्लू की हत्या का कारण पूंछा तो उसने कहा वह किसी बब्लू को नहीं जानता, उसने रामफेर को मारा है। इससे उसकी बिगड़ी मानसिक दशा का प्रमाण मिल गया, पैशाचिक कृत्य यह कि उसने बब्लू की हत्या के बाद सिर काटा और घर ले गया, जहां उसने चावल पकाए और चूल्हे में जले सिर के कुछ हिस्से निकालकर उसे नेवाला बनाया। पूरा गांव उससे बात नहीं करता था। हत्या प्रकरण में पुलिस ने मृतक के पिता दरियाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटा निवासी पूर्णवासी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। हत्यारोपी शंकर को जेल रवाना कर दिया गया। दूसरी ओर जिला मुख्यालय पर पोस्टमार्टम हाउस अपने बेटे का शव लेने पहुंचे पिता पुर्णवासी राजभर की आंखों में दर्द साफ झलका। बताया कि घर की आर्थिक स्थिति बेहद खराब होने पर बब्लू को गर्मी के मौसम में आइसक्रीम बेचने की सलाह दी गई। क्या पता था कि यही फैसला उनके बेटे की जान ले लेगा। 55 वर्षीय शंकर यादव ने बांके से हमला कर उसकी हत्या कर दी। खास बात यह कि घटना के समय बब्लू का चचेरा भाई भी उसके साथ था। बब्लू की मौत के बाद उसकी पत्नी और दो मासूम बच्चे बेसहारा हो गए।

### पूर्णाहुति व भंडारे में उमड़ी भक्तों की भीड़


हवन-पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी :** ग्राम बड़ागांव के मोहल्ला नालीपार स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा का समापन पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ हुआ। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा व्यास उमेश महाराज ने कहा कि सच्ची श्रद्धा और भक्ति से ही ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि भक्ति के भाव में डूबकर ही भक्त को आत्मिक सुख और जीवन में मुक्ति का मार्ग मिलता है। समापन अवसर पर आयोजित भंडारे में मसौली, बड़ागांव, धरौली, नसीरनगर, ज्योरी नोबस्ता सहित कई गांवों के श्रद्धालुओं ने पूड़ी-सब्जी व बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया।

### परिजनों को लखनऊ में मिली भटकी बालिका


परिजनों के साथ भटकी बालिका। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रास्ता भटकर आयी मानसिक अस्वस्थ बालिका को मिशन शक्ति केन्द्र थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम ने परिजनों का पता लगाकर बालिका को सुपुर्द कर दिया। नगर क्षेत्रान्तर्गत एक बालिका अकेले हनुमान मंदिर के पास काफी देर से बैठे होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर मिशन शक्ति टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए बालिका को संरक्षण में लिया गया तथा सोशल मीडिया व सी-प्लान एप के माध्यम से अथक प्रयास कर बालिका के परिजनों के सम्बन्ध में जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि बालिका थाना चिनहट जनपद लखनऊ की रहने वाली है। परिजनों से सम्पर्क से किया गया तो परिजनों ने बताया कि मेरी बेटी मानसिक रूप से अस्वस्थ है जो 27 मार्च को चली गयी थी।

### राम-सीता विवाह प्रसंग पर भक्त भाव-विभोर


कथा सुनाते व्यास। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी :** ग्राम न्योला चौराहा स्थित निहारिका पब्लिक स्कूल परिसर में चल रही श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा व्यास महेंद्र मृदुल व कुलदीप मृदुलांश ने श्रीराम व माता जानकी के विवाह प्रसंग का वर्णन किया। बताया कि राजा जनक ने सीता का विवाह श्रीराम से तथा अपने भाई कुशध्वज की पुत्रियों मांडवी, उर्मिला और श्रुतिकीर्ति का विवाह क्रमश: भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न से संपन्न कराया। कथा में महाराज दशरथ द्वारा जनक की दानशीलता की सराहना और माताओं द्वारा पुत्रियों को नारी धर्म की शिक्षा देने का प्रसंग भी सुनाया गया। अयोध्या आगमन पर चारों पुत्रवधुओं के स्वागत में पूरे नगर में हर्षोल्लास का माहौल छा गया। आगे श्रीराम के राजतिलक की तैयारी और मंथरा द्वारा कैकेई को वरदान याद दिलाने के बाद श्रीराम के वनवास की मार्मिक कथा सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे।

### सुदामा चरित्र का किया भावपूर्ण वर्णन


कथा सुनाते व्यास तरंग जी महाराज।

**रामनगर, बाराबंकी :** अमोली कला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा अंतर्गत रविवार को विश्राम दिवस श्रद्धा व भक्ति भाव से मनाया गया। एडवोकेट अनमोल मिश्र के आवास पर चल रहे आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा व्यास तरंग जी महाराज ने सुदामा चरित्र एवं राजा परीक्षित के मोह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन कर श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता प्रेम और भक्ति पर आधारित होती है, न कि स्वार्थ पर। मनुष्य का सबसे बड़ा बंधन उसका मोह है जिससे मुक्ति दिलाना ही भागवत कथा का उद्देश्य है। विश्राम दिवस पर भजनों की मधुर प्रस्तुति से माहौल कृष्णमय बना रहा।

### एकादशी पर निकाली निशान शोभायात्रा


शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी :** एकादशी के पावन अवसर पर ग्राम रामनिवाज पुरवा से श्रद्धालुओं ने भक्ति व आस्था के साथ भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयघोषों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालु भगवान खाटू श्याम के भजनों पर झूमते नजर आए, जबकि हाथों में सजे रंग-बिरंगे निशान आकर्षण का केंद्र रहे। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभा यात्रा ब्लाक चौराहा, तहसील चौराहा होते हुए सिहाली मार्ग से ग्राम सधई पुरवा स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### छात्राओं को समझाए उनके अधिकार


कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी :** मिशन शक्ति फेज 5 .0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, साइबर जागरूकता एवं महिला सुरक्षा अभियान के तहत वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय ज्योरी परिसर में मसौली पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ . दिनेश सिंह ने कहा मिशन शक्ति जैसे अभियान समाज में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम उपनिरीक्षक अभय गुप्ता, हेड कांस्टेबल करन चौरसिया, कांस्टेबल राजकुमार, महिला आरक्षी किरन व रीना ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान महिला आरक्षी किरन ने महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए घरेलू हिंसा, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच, महिला मिशन शक्ति केंद्र तथा विशेष रूप से साइबर क्राइम और साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

**पिहानी हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के जहानीखेड़ा चौकी अंतर्गत रविवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। स्टेशन मास्टर जहानीखेड़ा द्वारा रात्रि करीब एक बजे सूचना दी गई कि ग्राम सरैया के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही जहानीखेड़ा चौकी इंचार्ज कैलाश चंद्र यादव पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उनकी सतर्कता और तत्परता के चलते घटनास्थल को सुरक्षित कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई। मौके पर एक अज्ञात युवक का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला, जिसकी मौत ट्रेन से गिरकर आई गंभीर चोटों के कारण होने की आशंका जताई जा रही है। चौकी इंचार्ज कैलाश चंद्र यादव ने पूरी जिम्मेदारी के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक की पहचान कराने के लिए हर संभव प्रयास किए, लेकिन जामा तलाशी में कोई पहचान पत्र बरामद नहीं हो सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान कराने के प्रयास जारी हैं।

### करंट लगने से युवक की हालत गंभीर

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगवन्तपुर गोटपाली में एक मांगलिक कार्यक्रम के दौरान हादसा हो गया। सजावट का कार्य देख रहे जमशेद पुत्र साहिल अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गए, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गए। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बच्चों की प्रतिभा ने मोह लिया मन अभिभावकों पर उपहारों की वर्षा

## सरस्वती शिशु मंदिर प्ले स्कूल में वार्षिक उत्सव का किया गया आयोजन

संवाददाता, बांगरमऊ, उन्नाव


कार्यक्रम में अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत करते स्कूल प्रबंधक।

**अमृत विचार।** नगर के स्टेशन रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर प्ले स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में विधायक श्रीकांत की पत्नी विभा कटियार ने कहा कि शिक्षा से ही देश का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि यह नन्हे मुन्ने बच्चे शिक्षित होकर देश का भविष्य तय करेंगे। उन्होंने विद्यालय के मेधावी बच्चों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंध कमेटी के सदस्य एवं संरक्षक शरद अग्रवाल ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय की सौम्या गुप्ता, विराज गुप्ता, नंदिनी श्रीवास्तव, ऋत्विक, आरोही, अदम्य भरद्वाज, जानवी, आरव, आरवी आदि विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

इस दौरान समय पर शुल्क जमा करने वाले अभिभावकों के लिए विद्यालय द्वारा लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को वॉशिंग मशीन, कूलर, मिक्सी, सिलाई मशीन, इंडक्शन, प्रेस, पंखा आदि आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। इस दौरान शैली शुक्ला, जूही सिंह, शिवानी ताम्रकर, रिया तिवारी सरस्वती गुप्ता, विनीता शर्मा आदि शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में श्री दोसर वैश्य सेवा समिति के सदस्य, विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, शिक्षक अवधेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## अश्लील हरकतें करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र में महिलाओं से अश्लील हरकतें कर फब्तियां कसने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना उस समय सामने आई जब पुलिस टीम गश्त पर थी। उपनिरीक्षक अजय तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि हरदोई मार्ग पर गश्त के दौरान एक युवक राह चलती महिलाओं और लड़कियों पर अश्लील गाने गाकर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहा था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम रामचंद्र निवासी बिराइचमऊ थाना सांडी बताया, लेकिन वह अपनी पहचान के लिए कोई वैध दस्तावेज, स्तुत नहीं कर सका। कोतवाल विजय कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अश्लीलता फैलाने और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



डबल डेकर बस की जांच-पड़ताल करते ट्रैफिक उप निरीक्षक। अमृत विचार

## बिना परमिट के चलाई जा रहीं डग्गामार डबल डेकर बसें, सरकार को लगा लाखों का चूना

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे से बिना परमिट के दिल्ली से आने जाने के लिए डबल डेकर बसें चलाई जा रही है, जो परिवहन विभाग को लाखों रुपये का चूना लगा रही है। बस संचालकों को आरटीओ विभाग का कोई डर और भय नहीं रह गया। मल्लावां के चुंगी नंबर दो से शाम 4 और 5 बजे दो डबल डेकर बसें प्रतिदिन दिल्ली के लिए फर्राटा भरती नजर आती है। इसी तरह से बांगरमऊ अन्य जगहों से भी कई डबल डेकर बसें चल रही है। जो यात्रियों के मानकों को नजर अंदाज कर चलाई जा रही है। यात्रियों से चार सौ से लेकर पांच सौ रूपये तक लिए जाते है। इन बसों को बिना परमिट चलाया जा रहा है ऐसी चर्चा बनी हुई है। अगर आरटीओ विभाग द्वारा कार्यवाही की जाए तो इन बसों की असलियत सामने आ जाएगी। जहां से यात्रियों को बसों बैठाया जाता है वहां पर अक्सर यातायात प्रभावित रहने से जाम भी बना रहता है। शनिवार को बांगरमऊ की ओर से चलने वाली बस मुख्य मार्ग पर खराब हो गईं तो ट्रैफिक उपनिरीक्षक रामवृक्ष व उपनिक्षक राधेश्याम ने चालक से कागज मांगे, लेकिन दिखाने में असमर्थता जाहिर की। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# दबंग भाइयों ने परिवार को पीटा

- थाने पर शिकायत करने पर युवक को घेरकर की मारपीट
- पति को बचाने पहुंची पत्नी की नाक काटी, तीन आरोपी गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** थाने में शिकायत करने पर दबंगों ने युवक को घेरकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। सूचना मिलने पर पत्नी जब पति को बचाने पहुंची तो दबंगों ने उसे भी पैरों से रौंदा। बीच-बचाव करने वाले की नाक काट ली। दो अन्य लोगों को पीटकर सिर फोड़ दिए। पुलिस ने हमलावर तीन सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है।

टड़ियावां थाने के जयराजपुर निवासी गजराज ने दो दिन पहले अपनी पत्नी अनीता से मारपीट किए जाने की थाने में शिकायत की थी। गजराज रविवार की दोपहर खेत से घर जा रहा था। उसी बीच गांव के विनय ने अपने भाइयों विनय, अनंतू और सरोज के साथ मिलकर उसे घेर कर पीटने लगे। पति का शोर सुनकर पत्नी अनीता उसे बचाने पहुंची। आरोप है कि हमलावर उसे लातों से रौंदने लगे। उसी बीच उसी के परिवार का बाबूराम पहुंच गया, हमलावरों ने उसकी नाक काट ली। साथ ही संदीप व शैलेंद्र का सिर फोड़ दिया। रविवार दिनदहाड़े इस तरह की दरिंदगी से इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने गजराज, उसकी पत्नी अनीता, बाबूराम, संदीप व शैलेंद्र का मेडिकल कराया है। पुलिस ने तीन हमलावर सगे भाइयो विनय, विजय और अनंतू को गिरफ्तार कर चौथे हमलावर सरोज की तलाश तेज़ कर दी है।

### भट्ठे के पीछे पड़ा मिला युवक का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** ईंट-भट्ठे के पीछे युवक का शव पड़ा मिला। उसकी जेब से बरामद आधार कार्ड से शिनाख्त की गई है। रविवार की शाम कोतवाली शहर के गुरगुज्जा गांव के पास ईंट-भट्ठे के पीछे एक शव पड़ा देखा गया, इसका पता होने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम पहुंची। उसकी जेब से बरामद हुए आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त शंकरबक्श पुरवा निवासी 45 वर्षीय रामशरण के रूप में की गई। रामशरण सण्डीला इंडस्ट्रियल स्टेट की एक फैक्ट्री में नौकरी करता था, पत्नी संगीता के साथ वहीं किराए पर रहता था।

# किसान को प्रशिक्षण देकर किया जागरूक

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम सभा गाजू में रविवार किसान प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि विधायक रामपाल वर्मा रहे। उनके इस प्रेरणादायी मार्गदर्शन से किसानों में नई ऊर्जा का संचार हो गया। मंच का संचालन नगर अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अजय शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मयंक सिंह, ग्राम प्रधान सुधीर कुमार 'मुन्ना', आलोक सिंह और विजय सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


कार्यक्रम में किसान को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

# शानदार कुरैशी ने की थी दुकानदार की चाकू घोंप कर हत्या

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार Follow UP


शानदार कुरैशी की फाइल फोटो।

- बरेली सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे कुरैशी की तबियत बिगड़ने पर लाया गया था लखनऊ

**अमृत विचार।** बरेली सेंट्रल जेल कैदी शानदार कुरैशी ने साल 2018 में अपने पड़ोसी मीट दुकानदार की चाकू घोंप कर हत्या की थी, उसी मामले में उसे साल 2020 में कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। उसे लखनऊ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। लेकिन डाक्टरों ने उसे दो दिन बाद बुलाया। सेंट्रल जेल की पुलिस उसे वापस बरेली ले जा रही थी, उसी बीच रास्ते में तबियत बिगड़ने से उसकी मौत हो गई।

बताया गया है कि अमरोहा शहर के मोहल्ला दानिश मंदाना निकट इमामबाड़ा निवासी 50 वर्षीय शानदार कुरैशी मीट का कारोबार करता था, उसके रिश्तेदार बिलाल की भी बगल में मीट की दुकान थी, कारोबार को ले कर दोनों के बीच आपसी रंजिश चल रही थी। शानदार के बेटे फैज़ ने बताया कि 21 जून 2018 को पड़ोसी दुकानदार बिलाल की दुकान के सामने चाकू घोंप कर हत्या कर दी गई थी, उसी मामले में उसके पिता शानदार और पिता के चचेरे भाई सरताज के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। साल 2022 में कोर्ट ने जुर्म साबित होने पर शानदार और सरताज को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

शानदार सेंट्रल जेल बरेली में सज़ा भुगत रहा था। फैज़ ने बताया कि कुछ दिनों से उसके पिता बीमार चल रहे थे, 19 मार्च को उन्हे लखनऊ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, डाक्टरों ने सर्जिकल यूनिट के लिए रिफर किया, सर्जिकल यूनिट के डाक्टर ने 30 मार्च की तारीख देते हुए वापस बरेली ले जाने को कहा था। शनिवार की शाम को कैदी शानदार को पुलिस की निगरानी मे. ट्रेन से बरेली ले जाया जा रहा था, उसी दौरान ट्रेन के हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंचते ही तबियत बिगड़ने पर उसे वहां उतार कर एम्बुलेंस-108 से उनको मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। रविवार को कोतवाली शहर पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव उसके घर वालों को सौंप दिया। शानदार के परिवार में पत्नी रुबीना के अलावा पांच बेटेऔर एक बेटी है।

### पुलिस हिरासत में युवक की तबीयत बिगड़ी

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला भगवंतपुर निवासी एक युवक की रविवार दोपहर पुलिस हिरासत में अचानक तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। युवक को तड़पता देख मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों के हाथ-पांव फूल गए और उसे तत्काल पीएचसी पाली में भर्ती कराया गया। बताते चले कि अंकित पुत्र गंगादीन निवासी मोहल्ला भगवंतपुर थाना पाली को किसी मामले में पुलिस ने हिरासत में लिया था। हिरासत के दौरान अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई, जिससे पुलिस महकमे में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में पुलिस टीम उसे लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, जहां उसका इलाज जारी है। इस संबंध में जब थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार से युवक को हिरासत में लेने के कारण के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने स्पष्ट जानकारी देने से इंकार कर दिया। उन्होंने केवल इतना कहा कि मामले की जांच की जा रही है। हालांकि, जांच किस संबंध में की जा रही है, इस बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी। फिलहाल युवक की हालत पर डॉक्टरों की निगरानी बनी हुई है और पुलिस सतर्क नजर आ रही है।

# झाला नोच कर भागने वाला बदमाश गिरफ्तार, भेजा जेल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने 18 फरवरी को बाइक सवार महिला के झाला नोच कर भागने वाले इनामियां बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए बदमाश के पास से लगभग साढ़े छह हजार रुपए की नकदी बरामद हुई है। पाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला पटिया नीम निवासी रंजन कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार के अनुसार 28 फरवरी को शाहाबाद थाना क्षेत्र के आगमपुर के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी पत्नी के कान से झालेले नोच लिए और फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट वादी द्वारा दर्ज कराई गई। पुलिस ने राम प्रताप पुत्र रामपाल निवासी ग्राम पन्योरा कौरिया कलां थाना कांट जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए बदमाश के पास से 6760 की नकदी बरामद हुई। आरोपी ने 24 नवंबर 2025 को पिहानी में भी एक छिनैती की घटना स्वीकार की है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया पकड़े गए बदमाश को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



पुलिस गिरफ्त में बदमाश।

## युवती ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी

**हसनगंज, उन्नाव, अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मौलाबाकीपुर गांव निवासी मैकूलाल की 20 वर्षीय बेटी रीमा का शव घर से 400 मीटर दूर आम के बाग में दुपट्टे से लटका देख ग्रामीणों ने परिजनो को सूचना दी। भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के भाई अजीत ने रविवार को बताया कि छोटी बहन ने 5 माह पूर्व लखनऊ जिले के मलिहाबाद थाना क्षेत्र के बेलगड़ा गांव निवासी युवक के साथ मंदिर में शादी की थी उसके बाद पति के साथ रहने लगी थी। 15 मार्च को बहन घर आ गई थी। वह तीन बहन दो भाइयों में छोटी थी। बड़ी बहन सोनी, सोमवती, अजीत, सुरेन्द्र, सीमा, सहित मां कमला का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि भाई ने पीएम करवाने के लिए प्रार्थना दिया था। इस पर पोस्टमार्टम कराया गया है।

# सर्राफा कारोबारी की दुकान का शटर तोड़कर जेवर चोरी

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा तिराहा के पास चोरों ने शनिवार रविवार की मध्य रात्रि करीब दो बजे खुशी ज्वेलर्स की दुकान के शटर का ताला तोड़कर लगभग ढाई लाख रुपए के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया।

खुशी ज्वेलर्स के मालिक अंकुर यादव ने बताया शाम को वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। सुबह एक ग्राहक को थोड़ा सामान देना था इसलिए लगभग छह बजे वह अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसकी दुकान का ताला टूटा हुआ था और एक शटर उठा हुआ पाया। उसे आभास हो गया कि उसके यहां चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। तत्काल उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। अंकुर यादव ने बताया 200 ग्राम सोना और चांदी सहित लगभग ढाई लाख रुपए का जेवर ले जाने में चोर सफल रहे। 100 मीटर की दूरी पर आसाराम कबाड़ी के यहां भी एक दिन पहले चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। चोरी की बढ़ती हुई घटनाओं से व्यापारियों में दहशत व्याप्त है।



## मंदिर के ऊपर से हाईटेंशन लाइन निकालने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**संवाददाता, कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** कछौना पावर हाउस के अधिकारियों की बेरुखी से सहोरा गांव के ग्रामीण बेहाल हैं। 11 हजार वोल्ट की खतरनाक बिजली लाइन घनी आबादी और प्राचीन मंदिर के ठीक ऊपर से गुजारने की योजना ने पूरे गांव में हड़कंप मचा दिया है। किसान का निजी नलकूप कनेक्ट करने के नाम पर ग्रामीणों की जान पर बन आई है। ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले एसडीओ पुनीत दुबे को ज्ञापन सौंपा, लेकिन अधिकारी कान में तेल डाले बैठे रहे। गुस्साए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजरने से भक्तों को खतरा है। अक्सर मंदिर में धार्मिक कार्य चला करते हैं। ऐसे में यदि हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिर गया तो किसी बड़ी अनहोनी की घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर मंदिर के ऊपर से लाइन न निकालने को कहा है।

## कोतवाली के अंदर चोरी करते हुए पकड़ा गया

**हरदोई, अमृत विचार।** चोरों में पुलिस का डर इस कदर खत्म चुका है कि उन्हे पुलिस से बिल्कुल भी भय नहीं लगता। एक चोर दीवार फांद कर कोतवाली के अंदर घुस गया और वहां पुलिस की अभिरक्षा में खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाने लगा, लेकिन गनीमत रहा कि उसे वहीं पर दबोच लिया गया, वरना पुलिस को जवाब देते नहीं बनता। बताया गया है कि रविवार को कोतवाली शहर के अंदर पुलिसहकी अभिरक्षा में खड़ी गाड़ियों के बीच एक युवक पहिया खोलते हुए पकड़ा गया, उसने अपना नाम शुभम निवासी सुभाष नगर बताया। वह कोतवाली क पीछे टूटी पड़ी चाहर दिवारी फांद कर अंदर घुसा था।

# रात में लोन नदी के पुल से गिरकर युवक की हुई मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** रात में युवक की लोन नदी के पुल से गिरकर मौत हो गई। सुबह नदी किनारे उसका शव पड़ा देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। बिहार थानाक्षेत्र के भैरमपुर गांव निवासी बच्चन लाल (42) पुत्र स्व. मनोहर खेती करता था। भतीजे राम चंद्र ने बताया कि शनिवार की रात को घर से बिना बताए निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। रात में तलाश भी की लेकिन पता नहीं लगा। रविवार सुबह घर से करीब 1 किमी आगे लोन नदी के किनारे उनका लहूलुहान हालत में शव पड़ा मिला। भतीजे के मुताबिक बच्चन लाल को मिर्गी का दौरा पड़ने की बीमारी थी। कयास लगाई गए कि दौरा आने के चलते वह पुल से नीचे नदी के किनारे गिरा होगा। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे बीघापुर 100 बेड अस्पताल लाई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित घोषित किया। पति की मौत से पत्नी रामा देवी, बेटी मुस्कान व गोलू, बेटा आयुष बेहाल रहे। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द किया है। एसओ राहुल सिंह ने बताया परिजनो ने मिर्गी का दौरा पड़ने की बात बताई है। पुल से गिरकर युवक की मौत हुई है।

दावा — सपा नेताओं ने पीडीए पंचायत में दिया भाईचारे का संदेश

# 2027 में सपा की सरकार बनाने का लिया संकल्प

संवाददाता, उन्नाव



प्रदेश सचिव को माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीघापुर के रामनाथ इंटर कॉलेज, रुझिहई में समाजवादी भाईचारा सम्मेलन एवं पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव नितिन पटेल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में होली मिलन समारोह के साथ-साथ आगामी चुनावी रणनीति पर मंथन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने केंद्र व राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा को आम जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने अन्ना मवेशियों की समस्या का जिक्र करते हुए कहा, जिस तरह छुट्टा सांड किसानों की मेहनत को रौंद रहे हैं, उसी तरह यह सरकार जनता के अधिकारों को नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने आह्वान किया कि 2027 के लक्ष्य के लिए पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को और अधिक मजबूत करना होगा। पूर्व एमएलसी सुनील साजन ने समाजवाद की नई व्याख्या करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी भगवान राम के उस आदर्श पर चलती है जहां सबको साथ लेकर चलने का संदेश है। उन्होंने दावा किया कि 2024 में भाजपा की ताकत को आधा कर दिया गया है और 2027 में उत्तर प्रदेश से इनका पूरी तरह सफाया हो जाएगा। सम्मेलन के आयोजक नितिन पटेल ने अतिथियों का चांदी का मुकुट, पगड़ी और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। क्षेत्र की पारंपरिक कला फाग और आल्हा गायन ने समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगों और जरूरतमंदों को ट्राई साइकिल वितरित की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व विधायक कृपा शंकर सिंह और ओम प्रकाश यादव ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

# पीएम, सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

संवाददाता, बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। वायरल वीडियो में एक युवक पकौड़े की दुकान पर बैठकर दोनों नेताओं के विरुद्ध आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करता दिखाई दे रहा था। वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर फैलने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और जांच पड़ताल शुरू की। जांच में युवक की पहचान संतोष निवासी गहरपुरवा, थाना बांगरमऊ के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और न्यायालय में पेश किया। ग्रामीणों के अनुसार युवक मानसिक रूप से तनाव में बताया जा रहा है, क्योंकि कुछ दिन पूर्व उसके भाई ने आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद से वह अक्सर गुस्से में ऐसी टिप्पणियां करता रहता था। बताया गया कि हरदोई क्षेत्र में एक होटल पर नाश्ते के दौरान किसी ने नेताओं का नाम लिया, जिस पर उसने गाली-गलौज शुरू कर दी, जिसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। हालांकि वॉयरल वीडियो की पुष्टि आपका अमृत विचार अखबार नहीं करता है।

## बीमारी से परेशान महिला ने फंदे से लटक कर दी जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली के पासा खेड़ा में बीमारी से ऊब कर महिला ने अपने घर में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सुबह शव लटका देख बेटे बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई। पासा खेड़ा गांव निवासी श्रीमती (47) काफी समय से लिवर की बीमारी से ग्रसित थी। इलाज कराने में उस पर कर्ज भी हो गया था लेकिन फायदा नहीं हो रहा था। बीती रात बेटे मेले में दुकान लगाने गए थे। इसी दौरान उसने घर में दरवाजे की चौखट में दुपट्टे के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। बेटे सत्यम ने बताया पिता बुद्धिलाल की दो साल पहले एसजीपीजाई में आंतों में हुई सड़न से मौत हुई थी। पिता की मौत के बाद मां भी बीमार रहने लगी। इसी से कर्ज भी हो गया। इलाज से फायदा न होने व कर्ज की चिंता में मां मानसिक परेशान रहने लगी थी। इसी से उसने खुदकुशी कर ली। दरोगा विनोद सिंह ने बताया जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### कमरा बंद कर किशोरी ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** खाना बना रही किशोरी ने कमरा बंदकर फांसी लगा ली। पड़ोस के मकान से कमरे का दरवाज़ा खोलकर उसका शव बाहर निकाला गया। पचदेवरा थाने के बेरिया मजरा चकराछा निवासी सत्यराम की तीन बेटियों में सबसे छोटी 17 वर्षीय काजल मां के साथ घरेलू कामों में हाथ बंटाती थी। रविवार की सुबह उसकी मां और दोनों भाई खेत पर चले गए थे। काजल नाश्ता तैयार करने के बाद खाना बनाने लगी। उसी दौरान कमरे का दरवाज़ा बंद कर ने दुपट्टे से फांसी लगा ली। उसके भाई मिंटू ने बताया कि वह खेत से घर पहुंचा तो कमरे में काजल का शव लटका दिखाई दिया।

### ईंटे गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बुज़ुर्ग महिला पेड़ के नीचे बैठी हुई थी, उसी बीच ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्राली उधर से निकली, उसका पहिया गड्ढे में जाने से तमाम ईंटे उछल कर वृद्धा के ऊपर जा गिरी। घायल वृद्धा को मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। टड़ियावां थाने के अमरावां की बुज़ुर्ग शिवरानी रविवार की सुबह गांव में पीपल के पेड़ के नीचे बैठी थी, उसी बीच ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्राली उधर से निकली, पहिया गड्ढे में जाने से ईंटे उछल कर शिवरानी को लगीं।

# कार से टकराकर बाइक सवार तीन युवकों की मौत

## गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर हुआ हादसा, दो घायल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** एक बाइक पर सवार चार युवक गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड से निकल रहे थे। उसी बीच उन्हें टक्कर मारते हुए एक कार खाईं में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि चौथे बाइक सवार और ईको कार ड्राइवर की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार बंथला गांव निवासी 20 वर्षीय अंकुर पुत्र परमेश्वर, 22 वर्षीय गोविंद पुत्र सुरेश, 25 वर्षीय दीपू पुत्र संतराम और 18 वर्षीय होरी लाल पुत्र लवकुश रविवार की दोपहर एक ही बाइक पर सवार हो कर सवायजपुर कोतवाली इलाके में गंगा एक्सप्रेस-वे की खेतौली गांव की सर्विस रोड से जा रहे थे। उसी बीच ईको कार उन्हे टक्कर मारते हुए खाई में जा घुसी। हादसे का पता होते ही वहां पहुंची सवायजपुर पुलिस उन्हे उठा कर सीएचसी ले गई, जहां पहुंचते ही बाइक सवार अंकुर, दीपू व गोविंद की मौत हो गई, जबकि चौथे बाइक सवार होरीलाल और कार ड्राइवर निहाल पुत्र मोहम्मद उमर निवासी खुदागंज शाहजहांपुर की हालत गंभीर बताई जा रही है। शवो को अपने कब्ज़े में ले चुकी पुलिस का कहना है कि तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल हादसे के शिकार हुए बाइक सवारों के घर वालों को सूचना भेजी जा रही है।

## बेकाबू रफ्तार का शिकार हुए बाइक सवार युवक की लखनऊ ले जाते समय हुई मौत


मनोज की फाइल फोटो।

**हरदोई, अमृत विचार।** पत्नी को विदा कराने ससुराल जा रहा बाइक सवार बेकाबू रफ्तार का शिकार हो गया, उसे मेडिकल कालेज से निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया, वहां से शनिवार को उसे हायर सेंटर लखनऊ ले जाया जा रहा था, उसी बीच रास्तें में मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

कोतवाली देहात के फूल बेहटा निवासी 29 वर्षीय मनोज पुत्र गया प्रसाद पेशे से राजमिस्त्री था, साल 2024 में मझिला थाने के नंगापुरवा की निर्ला के साथ उसकी शादी हुई थी, निर्मला अपनी साल भर की बच्ची के साथ बीमार पिता को देखने मायके गई हुई थी। शुक्रवार को मनोज उसे विदा कराने के लिए बाइक से ससुराल जा रहा था, रास्तें में कोतवाली देहात के अटवा गांव में स्पीड ब्रेकर पर पहुंचते ही उसकी बाइक बेकाबू हो कर गिर पड़ी, जिससे मनोज के सिर में गहरी चोंट पहुंची, उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहां से घर वाले उसे एक निजी हास्पिटल उठा ले गए। शनिवार को डाक्टर की सलाह पर उसे हायर सेंटर लखनऊ ले जाया जा रहा था। उसी बीच उसकी रास्तें में मौत हो गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

# सड़क दुर्घटनाओं में बच्चे सहित तीन की मौत

संवाददाता, हरदोई


बच्चे अर्श, लालाराम और रईस की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

माधौगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बघौली-माधौगंज मार्ग पर ग्राम तकिया धरमपुर के निकट ऑटो और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार भिड़ंत होने से दो वर्षीय असद की मौत हो गई। वहीं मोटरसाइकिल सवार आरिफ व गेदा निवासी ग्राम बदरहिया हरदोई गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताते चले कि ऑटो में सवार शहीद अपनी पत्नी नूरबानो व पुत्र असद के साथ बांगरमऊ जा रहे थे, तभी बाइक में टक्कर लगने से असद अपनी मां की गोद से उछल कर सड़क पर गिर गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में घायलों को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां दोनों घायलों को उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डा. लोकेश कुमार ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया बच्चे के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

दूसरी घटना में साण्डी थाना क्षेत्र में पैदल घर जा रहे अधेड़ की बाइक की टक्कर से मौत हो गई। वह खेत से पैदल घर जा रहा था। समजलपुर निवासी 50 वर्षीय लालाराम शनिवार को खेत से वापस लौटा और रास्ते में ब्रह्मस्थान पर रुकने के बाद शाम को पैदल घर जा रहा था। उसी बीच नीभापुर का युवक बाइक लेकर आया और लालाराम को टक्कर मारते हुए भाग निकला। अधेड़ लालाराम को सीएचसी साण्डी से मेडिकल कालेज, और वहां से निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया, शनिवार की रात तबियत बिगड़ने पर उसे दोबारा मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां रविवार की भोर पहर उसकी मौत हो गई। लालाराम के परिवार में उसकी पत्नी और इकलौता बेटा सचिन है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

वहीं तीसरी घटना सुरसा थाना क्षेत्र की है, जहां साइकिल सवार चाचा-भतीजे को बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे चाचा की मौत हो गई जबकि भतीजा घायल हो गया। अब्दुलपुर निवासी रईस (58) बुधवार को अपने भतीजे रऊफ (38) पुत्र महबूब के साथ सिंघुआमऊ की बाज़ार गया था। वहां से शाम को दोनों साइकिल से लोट रहे थे, लखनऊ-पलिया हाई-वे पर सिंघुआमऊ बस स्टाप के पास पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे चाचा-भतीजे दोनो. ज़ख्मी हो गए, जिन्हे एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, वहां से रईस को हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। शनिवार को वहां के डाक्टरों के जवाब देने के बाद घर वाले कुछ समझ पाते, उसी बीच रईस की मौत हो गई। खेती-बाड़ी करने वाले रईस के परिवार में पत्नी साबिरा व दो बेटे नफीस और वहीद है।

### बेकाबू कार खाई में गिरी, चालक घायल

**भरखनी, हरदोई।** अनंगपुर-कांठ मार्ग पर रविवार सुबह तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा पलटी, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा धर्मपुर पुलिया के पास हुआ, मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जिले के कुर्रिया निवासी अखिलेश पुत्र सुधीर अपनी कार से रविवार सुबह कमालपुर जा रहा था। बताया गया कि वह रास्ते में मोबाइल फोन पर बात करने लगा। पचदेवरा थाना क्षेत्र में धर्मपुर पुलिया के पास लगी पुलिस बैरीकेटिंग के नजदीक अचानक वाहन पर उसका नियंत्रण नहीं रहा, जिससे कार सड़क किनारे गहरे खाई में पलट गई। हादसे में अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गया, आसपास मौजूद लोगों दौड़े और घायल अखिलेश को कार से बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे और अखिलेश को उपचार के लिए शाहजहांपुर ले गए।

# ढोलिया कांड में एक और गिरफ्तार

संवाददाता, सुरसा, हरदोई


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार।** हादसे में पिता की मौत के बदले दो भाइयों की पीटकर हत्या के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसी मामले में आरोपी तीन भाइयों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। दिनदहाड़े गांव में हुई तीन मौतों के चलते अभी भी गांव में सन्नाटा छाया हुआ है। दोनों मृतकों के घरों के बाहर पीएसी तैनात है।

बताते चले कि थाना सुरसा के ग्राम ढोलिया में 27 मार्च को भारत पांडेय पुत्र देवी सहाय की मौत बोलेरो की टक्कर हो गई थी, जिस पर देवी सहाय के पुत्रों अनूप, अतुल, नीरज व श्याम ने बोलेरो चला रहे शिवम व उसके भाई अमन को पीट-पीट कर उनकी हत्या कर दी थी। घटना के बाद चारों भाई भाग गए थे। सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स गांव पहुंच गई। डीआईजी ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। पुलिस ने अनूप, अतुल व नीरज को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया था। जिसमें मुठभेड़ के दौरान अतुल व अनूप को गोली भी लगी थी। चौथे आरोपी की तलाश पुलिस की चार टीमें कर रही थी। रविवार को पुलिस ने चौथे आरोपी श्याम पुत्र देवी प्रसाद को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

तीन मौतों के बाद अभी गांव में डर का माहौल बना हुआ है। अधिकांश समय गांव की गलियों में सन्नाटा दिखाई पड़ता है। गांव में पीएसी तैनात है।

## चाभी के विवाद में युवक पर लाठी से हमला,

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के बैफरिया गांव में चाभी मांगने को लेकर हुए विवाद में युवक पर लाठी से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बैफरिया निवासी सर्वेश ने बताया कि 19 मार्च की सुबह गांव के ही रामप्रताप से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपी ने लाठी से हमला कर दिया। हमले में सर्वेश के पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। कोतवाल विजय कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया है।

# मां भगवती जागरण में शिव तांडव पर झूमे भक्त

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड क्षेत्र के गांव रुदामऊ में स्थित मां जक्ख देवी मंदिर प्रांगण में नवरात्र के उपरान्त मां भगवती माता का भव्य जागरण हुआ। कलाकारों के सुरों पर भक्त ताली बजाने को मजबूर हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक आशीष कुमार सिंह आशू ने मंदिर के पदाधिकारियों के साथ विधि विधान से पूजन किया। अर्चना म्यूजिकल ग्रुप फर्रुखाबाद के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाया। कलाकार गायक रूचि किंकर, कानपुर अर्चना अग्निहोत्री कानपुर, संजू किंकर कानपुर, हर्षित मिश्रा, शिवम अवस्थी आर्यन प्रवेश शुक्ला संगीत की धुन पर कलाकारों ने अपनी समा बांधी। काली, महाकाली, राधा कृष्ण, आदि शक्ति मां जगदम्बा की भव्य झांकी से भक्त भाव विभोर हो गये। रूचि किंकर ने शिव तांडव स्तुति कर भक्तों के साथ डमरू बजाकर गायन किया, जिससे सभी झूमने लगे। मना कभी न किया न तौल के दिया न हीं गिन कर दिया मां ने जब भी दिया दिल खोल के दिया ....आदि भक्ति गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्ण कुमार तिवारी सोनू, रमेश, आदि सैकड़ो भक्त गण मौजूद रहे।



# हज यात्रा सब्र, अनुशासन और व्यवस्था का सफर

संवाददाता, संडीला, हरदोई

- शिविर में 50 हज यात्रियों ने लिया प्रशिक्षण
- यात्रा के दौरान नियमों के पालन व अनुशासन में रहने को कहा गया

**अमृत विचार।** क़स्बा में आगामी हज यात्रा को लेकर हज प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर के मोहल्ला क़ाज़ीयाना स्थित मदरसा जामेआ फुरकानिया में हज सेवा समिति उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में हज प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य हज समिति उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी सुमैरा सिद्दीक़ी की निगरानी में सम्पन्न हुआ, जिसमें कुल 50 हज यात्रियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को हज के दौरान किए जाने वाले धार्मिक अनुष्ठानों, यात्रा प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज़ों तथा सुरक्षा संबंधी सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी देना था।

इस प्रशिक्षण शिविर में लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर जनपद से आए हज यात्रियों को भी प्रशिक्षण दिया गया। हज कमेटी ऑफ इंडिया भारत सरकार द्वारा नामित ट्रेनर मोहम्मद फरहान कासमी ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए हज यात्रियों को संबोधित किया और कहा कि सभी यात्री हज यात्रा से पहले पूरी तैयारी कर लें तथा सरकार और हज कमेटी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि हज यात्रा सब्र, अनुशासन और व्यवस्था का सफर है, इसलिए सभी यात्री नियमों का पालन करना आवश्यक है।

प्रशिक्षण शिविर में मौजूद हज सेवा समिति के अध्यक्ष अब्दुल्ल खालिक़ सिद्दीक़ी व डॉक्टर मोहम्मद उज़ैर ने हज यात्रियों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, टीकाकरण, दवाइयों, दस्तावेज़ीकरण, आवास व्यवस्था, यात्रा प्रबंधन तथा सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर मौलाना यासिर कासमी, हाफिज़ शाह आलम, असलम उस्मानी, अरशद, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद उस्मान सहित अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी हज यात्रियों के सफल एवं सुरक्षित हज यात्रा की दुआ की गई।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चे किए गए सम्मानित

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई


सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मानित बच्चे, साथ में विधायक व अन्य। अमृत विचार

- संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक आशीष सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन शिक्षकों व तीन प्रधानों सम्मानित किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया।

शनिवार को बीआरसी कार्यालय की ओर से एक गेस्ट हॉउस में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाध्यापकों में वीरेन्द्र सिंह दसराइसमऊ, मोहम्मद राशिद तपनौर, पीएम श्री गंगारामपुर कल्याणी सिंह को सम्मानित किया गया। इसी तरह तीन ग्राम प्रधानों में सचेंद्र सिंह तेंदुआ, अखिलेश सिंह इब्राहिमपुर और तपनौर को भी शिक्षक कार्य में पूर्ण सहयोग को लेकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी बच्चों को भी पुरुष्कार दिया गया। इस अवसर पर एसडीआई राजेश राम, बृजेश अवस्थी, गजेंद्र सिंह, प्रेमशील पाण्डेय, सुबोध वर्मा, आशुतोष पटेल सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# पतंग महोत्सव का आयोजन आज, 50 गांव लेंगे हिस्सा

**हरदोई, अमृत विचार।** सर्वोदय आश्रम के बैनर तले सोमवार को आदर्श सत्येन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय माल के प्रांगण में पतंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले प्रतिभागी को पांच हजार नकद, ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इन्टरनेशनल लिमिटेड के राज्य समन्वयक आलोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि लखनऊ के नवाब पंतग प्रतियोगिता महोत्सव का आयोजन होता था, उसी के तहत इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी व सर्वोदय आश्रम के संयुक्त प्रयास से सोमवार को होने वाले पतंग महोत्सव का उद्देश्य पुराने खेलों में भी जन समुदाय की रूचि को बढ़ावा देना है। सर्वोदय आश्रम के वरिष्ठ पर्यवेक्षक देशराज गौतम ने बताया कि समापन समारोह में महाविद्यालय के प्रबन्धक विजय कुमार सिंह, विघालय के प्राचार्य डा.एसके सिंह व विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डा. पंकज सिंह करेंगे। अध्यक्षता सर्वोदय आश्रम की अध्यक्ष उर्मिला श्रीवास्तव की रहेगी।कार्यक्रम में प्रख्यात समाजसेवी एवं स्वतंत्र पत्रकार लेखक खालिद अय्यूबी निर्णायक की भूमिका में रहेंगे।

सर्वोदय आश्रम के कार्यक्रम समन्वयक बृजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि पंतग महोत्सव में शुरुआत में ही प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण कराने वाले 200 खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए एक-एक टी शर्ट उपहार स्वरूप वितरित की जाएगी।

## रामनवमी के उपलक्ष में निकाला रंगारंग जुलूस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** रामनवमी के उपलक्ष में परंपरागत रूप से निकाला जाने वाला रंगारंग जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया। मां गायत्री मंदिर पर रंगारंग जुलूस का समापन किया। रविवार को शाम चार बजे बालाजी महाराज सरदारगंज से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रंगारंग जुलूस का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात यह जुलूस राम वाटिका, चौक, सराफा बाजार, घंटाघर, सदर बाजार, बड़ी बाजार, स्टेट बैंक होते हुए मां गायत्री मंदिर दिलेरगंज पहुंचा जहां पर जुलूस का समापन किया गया। जुलूस में युवा एक दूसरे पर पिचकारी से गीला रंग डालकर जय श्री राम के नारे लगा रहे थे।


रामनवमी के उपलक्ष में निकाले गए रंगारंग जुलूस में शामिल श्रद्धालु।

## शराब ठेके के सामने पड़े मिले युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बिहार से मज़दूरी करने आया युवक रात भर गायब रहा। रविवार की सुबह वह शराब ठेके के सामने पड़ा देखा गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। रविवार की सुबह नवीन गल्ला मण्डी (लखनऊ रोड) के पास शराब ठेके के सामने 40 वर्षीय युवक बेहोशी हालत में पड़ा था। जिसकी पहचान सत्येंद्र मांझी निवासी मुंगिला थाना खीरी मोर ज़िला पटना, बिहार के रूप में की गई। मेडिकल कालेज ले जाने पर उसकी मौत हो गई। बताते हैं कि सत्येंद्र मांझी गल्ला मण्डी में हो रहे सड़क निर्माण में मज़दूरी करता था। उसकी पत्नी की पहले मौत हो चुकी थी। तीन बेटियां थी, जिनकी शादी करने के बाद मज़दूरी कर अकेले गुज़र-बसर कर रहा था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।

**प्रतियोगिता** | सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में हो रहा हरदोई हेरिटेज कप सीजन 5 का आयोजन

# एलीट और परफेक्ट मोबाइल्स -11 ने जीते मैच

संवाददाता, हरदोई


बल्लेबाजी करते खिलाड़ी।

**अमृत विचार।** सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को हरदोई हेरिटेज कप सीजन 5 का नौवां मैच पूल ए की टीमों जेवियर्स-11 तथा एलीट क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया।

मैच में जेवियर्स -11 ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। बल्लेबाजी करते हुए की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 137 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। जेवियर्स -11 की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए नरेंद्र 37 रन व अधर्व गुप्ता ने 29 रनों का योगदान किया। एलीट क्रिकेट अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए पवन यादव 4 विकेट, प्रीतेश दीक्षित ने एक विकेट लिया व 4 खिलाड़ी रन आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलीट क्रिकेट अकादमी की टीम 9.4 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। एलीट क्रिकेट अकादमी की टीम ने 7 विकेट से जीत दर्ज की।

मैच के मैन ऑफ द मैच रहे पुनीत ने बल्लेबाजी करते हुए 95 रनों का योगदान किया। उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। सूर्य प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का अगला मैच पूल बी की टीमों परफेक्ट मोबाइल्स -11 तथा नमल क्रिकेट अकादमी के मध्य तथा दूसरा मैच परफेक्ट मोबाइल्स- 11 तथा न्यू हाइट्स -11 के मध्य कल खेला जाएगा। मैच के दौरान अर्जित मित्तल, अनुज वर्मा, राधा कृष्ण गुप्ता, राणा आदि मौजूद रहे। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा तथा बृजेश वर्मा ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की।

### 2 अप्रैल को जिले की टीम का होगा चयन

**हरदोई।** उदयपुर राजस्थान में होने वाली राष्ट्रीय स्तर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए उत्तर प्रदेश टीम का चयन ट्रायल कानपुर में पांचअप्रैल को किया जा रहा है। उक्त ट्रायल में प्रतिभाग करने के लिए जनपद की टीम का चयन दो अप्रैल को शाम चार बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास शंकर व्यायाम शाला में किया जा रहा है।

## चोरी के कबाड़ के साथ आरोपी को दबोचा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला खेड़ा अजमत में कबाड़ की दुकान से चोरी के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को माल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 28 मार्च को मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी आशाराम पुत्र जगदीश प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी गयी कि उनकी खेड़ा अजमत में कबाड की दुकान है। सूरज कंजड़ निवासी मोहल्ला खेड़ा बीबीजई सहित उसके साथियों द्वारा दुकान से समान चोरी कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। सरदार गंज चौकी प्रभारी प्रदीप पाण्डेय और पुलिस बल द्वारा नामजद आरोपी सूरज को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया।

# महारैली में 4 को शिक्षक जाएंगे दिल्ली

संवाददाता, हरदोई,



बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिव शंकर पांडेय।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद की जिला कार्यसमिति, ब्लॉक अध्यक्ष मंत्री व संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की एक बैठक टीचर फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिव शंकर पांडेय की अध्यक्षता में शिक्षक भवन के सभागार में संपन्न हुई।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि चार अप्रैल को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सान्निध्य में शिक्षकों की महारैली का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पूर्व में तैनात शिक्षकों पर जबर्दस्ती टीईटी की परीक्षा थोपने का विरोध किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अक्षत पांडेय ने बताया कि चार अप्रैल रामलीला मैदान दिल्ली में होने वाला महारैली टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले पूरे देश के शिक्षकों के भविष्य के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ है। अभी तक 16 राज्यों के संगठनों ने अपना समर्थन दिया है। रामलीला मैदान दिल्ली का आंदोलन ऐतिहासिक एवं निर्णायक होगा। जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से एक बस दिल्ली के रामलीला मैदान जायेगी। बैठक में जिला मंत्री विपिन सिंह, अनंत राम पांडेय, रूपेश अवस्थी, हिमांशु श्रीवास्तव, वीरपाल कठेरिया सजीव पांडेय, अनुराग अवस्थी, देवेंद बाजपेयी, आशा वर्मा, संदीप त्रिवेदी, सहित अनेक शिक्षक पदाधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### तीन तलाक देकर गोद से बच्चा छीना

**सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद के बिसवां सर्किल क्षेत्र के ग्राम साण्डा निवासी तबस्सुम पुत्री अजमत अली ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि उसका विवाह तीन वर्ष पूर्व जहांगीराबाद निवासी अलीम के साथ हुआ। शादी के बाद से ही पति और ननदें उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। बीते माह जनवरी में पति उसे दोबारा घर ले गया, जहां उसे बंधक बनाकर भूखा रखा गया। बाद में पति ने खुलेआम तीन तलाक देकर महिला की गोद से डेढ़ वर्षीय पुत्र अरशद को छीनकर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### पुलिस ने पांच वांछितों व वारंटियों को दबोचा

**मछरेहटा/मानपुर, सीतापुर।** जनपद में अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस ने 5 वांछितों और वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थाना मछरेहटा पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित राम शंकर को घटना में प्रयुक्त लाठी के साथ गिरफ्तार किया। वहीं, थाना रामकोट पुलिस ने पाक्सो एक्ट व अन्य धाराओं में वांछित कुशीनगर निवासी करन राय कुमार को धर दबोचा। इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने चोरी के पुराने मामले में वारंटी जयपाल को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त, थाना मानपुर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे दो वारंटियों, सानू सिंह और तनुज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

# यूपी की फेल सरकार नहीं करा रही पंचायत चुनाव: चंद्रशेखर

## आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया सरकार का घेराव

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


पत्रकार वार्ता करते आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आजाद समाज पार्टी के संस्थापक/ राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने कहा है कि प्रदेश सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। हारी सरकार पंचायत चुनाव नहीं कराना चाहती है क्योंकि उसे मालुम हैं कि आमजन का रुख उसके खिलाफ है। आने वाले चुनाव में जल्द ही शासन की गुण्डागर्दी को समाप्त करने का कार्य आजाद समाज पार्टी करेगी।

लखीमपुर से लौटते समय आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीतापुर स्थित पार्टी के प्रदेश सचिव इमरान खां के घर पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा है कि फेक इनकाउंटर करके समाज के हर वर्ग को सरकार ने डरा रखा है। बड़ी संख्या में दलित समाज और मुस्लिम समाज के लोग उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। शासन की नीतियां ग्रामीण स्तर पर फेल हो गई हैं, इस कारण सरकार पंचायत चुनाव नहीं कराना चाहती है। उनकी पार्टी आने वाले चुनाव सत्ता का मुंहतोड़ जवाब देगी। इन्हीं कारणों को लेकर समाज के पिछड़े सहित अन्य वर्ग को इकट्ठा करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। प्रवृद्धजन सम्मेलन सहित अन्य कार्यक्रम भी हुए हैं।

**महंगाई और परीक्षाओं पर सरकार को घेरा:** सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने महंगाई और परीक्षाओं को लेकर सरकार को घेरा।

कहा कि सिलेण्डर और पेट्रोल-डीजल वितरण की हालत किसी से छुपी नहीं है। खाद्य सामग्रियों के दामों की वृद्धि ने आमजन को तोड़ कर रख दिया। हर परीक्षाएं लीक हो रही हैं। इससे युवाओं के भविष्य पर असर पड़ा है।

## संगठन की मजबूती ही जीत का आधार

**हरगांव,सीतापुर।** ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार भार्गव की अध्यक्षता में संगठन की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन महामंत्री अनिल यादव उपस्थित रहे। डॉ. ममता वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मजबूत संगठन और सशक्त बूथ ही जीत की असली नींव है। उन्होंने हर कार्यकर्ता से सक्रिय होने का आह्वान किया। प्रदेश महामंत्री अनिल यादव ने आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति साझा करते हुए एकजुटता पर जोर दिया। बैठक में प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की नियुक्ति और जनसंपर्क बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष संजीव नाथ गुप्ता, अनिल दीवान, राजेश सिंह तोमर, इखलाख हुसैन, दीपा वैश्य, अनुपमा द्विवेदी, प्रदीप सिंह चौहान और दानिश नक़बी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिक्षक ही करते हैं बेहतर समाज का निर्माण


कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगण व अन्य। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर।** साहित्यिक संस्था दबिस्ताने-ए-अदब के तत्वावधान में हाजी मोहम्मद तारिक अंसारी के आवास पर समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषयक संगोष्ठी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना अखलाक कासमी व संचालन मास्टर मोहम्मद आरिफ अंसारी ने की। मौलाना अखलाक कासमी ने कहा कि हर सभ्यता में शिक्षक का स्थान सर्वोच्च रहा है। वे केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाकर समाज की नींव मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में खेल शिक्षक शाह आलम खान, गुलरेज खान, रईस अंसारी, इशरत अली, डॉ. मोहम्मद रविश, अनवर सिद्दीकी, मास्टर हबीब सहित अन्य ने विचार रखे।

## डर से दूरी, पुलिस से बात है जरूरी का दिया संदेश

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद में मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के तहत पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जिले के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने ग्राम चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को सशक्तिकरण का पाठ पढ़ाया। इमलिया सुल्तानपुर, बिसवां, थानगांव और महोली समेत अन्य थानों की टीमों ने ग्रामीणों को वूमेन पावर हेल्पलाइन (1090), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076) जैसी सेवाओं की जानकारी दी। डर से दूरी, पुलिस से बात है जरूरी के मंत्र के साथ पुलिस ने कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन और निशुल्क सिलाई मशीन योजना के बारे में विस्तार से बताया। मानपुर और महोली में गुड टच-बैड टच पर चर्चा कर बच्चों को सुरक्षा कानूनों के प्रति जागरूक किया गया, वहीं सिधौली व महमूदाबाद में साइबर अपराध से बचाव के तरीके सिखाए गए।

### माता के भजनों पर झूमे श्रद्धालु


जागरण में उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर।** एकादशी के अवसर पर महिला जागरण समिति द्वारा मां दुर्गा का भव्य जागरण एवं माता की चौकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ हुआ। जागरण में लखनऊ से आईं प्रसिद्ध भजन गायिका सरस्वती मिश्रा और वंदना शुक्ला ने अपनी मधुर आवाज से समां बांध दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में महिलाओं की विशेष भागीदारी रही। श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### आत्म अनुभूति भवन का हुआ लोकार्पण


कार्यक्रम में उपस्थित विधायक बिसवां। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर।** बिसवां देहात की ग्राम पंचायत गोपाल नगर बेलझरिया में नवनिर्मित राजयोग सेवा केंद्र ब्रह्मा कुमारीज आत्म अनुभूति भवन का लोकार्पण किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक निर्मल वर्मा एवं अहमदाबाद, गुजरात की सब जोन इंचार्ज राजयोगिनी ब्रहमाकुमारी चंद्रिका दीदी द्वारा संपन्न हुआ। राजयोगिनी चंद्रिका दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में संसार में बढ़ता तनाव, डिप्रेशन और पारिवारिक कलह बड़ी चुनौतियां हैं। विधायक निर्मल वर्मा ने सेवा केंद्र के निर्विघ्न संचालन की कामना करते हुए बधाई दी। कार्यक्रम में लखनऊ सब जोन इंचार्ज राजयोगिनी राधा दीदी, मंजू दीदी, सुमन दीदी, पूर्व पालिका अध्यक्ष सीमा राजू जैन, जिला प्रचारक विकल्प व मोहित बौद्ध के अलावा प्रमिला गुप्ता, नारायण अग्रवाल, निर्मला व अभिषेक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बच्चों ने बिखेरा हुनर का जलवा


कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु।

**सीतापुर, अमृत विचार।** किड्जी एवं ब्लूम लिटेरा में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि की भूमिका में नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु रहे। जी लर्न द्वारा संचालित किड्जी एवं ब्लूम लिटेरा के नन्हें मुन्नों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन के मंजू जिंदल, मक्खन लाल अग्रवाल, दिव्या अग्रवाल, भव्या अग्रवाल, सैव्या केडिया, प्रधानाचार्य जावेद कमर सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।


देवी जागरण के दौरान आकर्षक नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

### भजनों की गंगा में रात भर गोते लगाते रहे भक्त

**लहरपुर, सीतापुर।** क्षेत्र के ग्राम केसरीगंज स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर पर जय माता दी युवा जागरण समिति के तत्वावधान में विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया। शाहजहांपुर से आए रामू छलिया एंड पार्टी के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। जागरण का शुभारंभ विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद कलाकारों ने विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियों का सजीव मंचन किया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजन 'श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में' पर पूरा पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। वहीं 'चलो बुलावा आया है', 'श्याम आए सखी री मोर बनकर' और 'प्रेम से बोलो जय माता दी' जैसे भजनों पर श्रद्धालु रात भर झूमते रहे। इस अवसर पर विपिन गुप्ता, विशाल, श्याम किशोर, दीपक शुक्ला, विकास, सत्येंद्र, निर्मल पाण्डेय, अनूप निगम, सर्वेश, प्रवेश, मोहित, रामकिंकर सहित भारी संख्या में महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

### पुरानी रंजिश में युवक पर किया जानलेवा हमला, लखनऊ रेफर

**सीतापुर, अमृत विचार।** खैराबाद थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में मामूली बात को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। गांव के ही करीब 10-12 लोगों ने एक युवक पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। इब्राहिमपुर निवासी राहुल पुत्र छत्रपाल का गांव के ही मकरंद पुत्र मुन्ना के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बाग में दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। देखते ही देखते मकरंद ने अपने करीब 10-12 साथियों के साथ राहुल पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने राहुल को घेरकर बुरी तरह पीटा, जिससे उसके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं हैं। एसओ खैराबाद एके सिंह का कहना है कि मामले में विधिक कार्रवाई की गई है।

## ससम्मान हटाया 25 वर्ष पुराना मंदिर

प्रशासनिक कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


मंदिर को हटाती जेसीबी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के व्यस्त चुंगी चौराहे पर स्थित 25 साल पुराने दुर्गा मंदिर को सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत हटा दिया गया। कैप्टन मनोज पांडे चौक के पास करीब तीन करोड़ की लागत से हो रहे निर्माण कार्य में बाधक बताया जा रहा है।

उपजिलाधिकारी सदर धामिनी एम. दास की उपस्थिति में मंदिर को हटाने का कार्य आरंभ हुआ। नायब तहसीलदार महेंद्र तिवारी ने खुद छेनी-हथौड़ी की मदद से मूर्तियों को सुरक्षित निकाला ताकि किसी भी प्रकार की कोई क्षति न हो। लगभग साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद ढांचे को हटाया जा सका।

अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह का कहना है कि मूर्तियों को 100 मीटर दूर स्थित शक्ति मंदिर में सुरक्षित रखवाया गया है। विकास निर्माण को लेकर की गई कार्रवाई मंदिर के पुजारी और अधिकांश स्थानीय स्तर के लोगों की सहमति के आधार पर की गई है। उधर, जानकारी मिलने पर राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू अपने समर्थकों के साथ पहुंचे, उन्होंने प्रशासनिक कार्रवाई पर रोष जताते हुए कहा कि इसके स्थान पर 10 मंदिरों का निर्माण कराया जाएगा।

### अवैध शराब की भट्ठी का भंडाफोड़


शराब की भट्ठियां तलाशती आबकारी विभाग की टीम। अमृत विचार

**हरगांव,सीतापुर।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने शनिवार को हरगांव थाना क्षेत्र के जंगलों में शराब की भट्ठी को नष्ट कर दिया। आबकारी निरीक्षक गिरिजेश कुमार ने बताया पकड़िया, कटका और सुजौला के जंगलों में अवैध शराब निर्माण की सूचना मिल रही थी। शनिवार को टीम के साथ तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई। आबकारी टीम को आता देख शराब तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। छापेमारी के दौरान मौके से 145 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। इसके अलावा, शराब बनाने के उपकरण और 350 लीटर लहन कच्चा माल भी मिला, जिसे टीम ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। मामले में हरगांव थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## राजकीय सम्मान से हुआ अग्निवीर का अंतिम संस्कार

- श्रीनगर में तैनात अग्निवीर का शव पहुंचा गांव, माहौल गमगीन

हरगांव, सीतापुर


अंतिम संस्कार के दौरान शव को सलामी देते जवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हरगांव विधानसभा क्षेत्र के विकास परसेंडी के ग्राम पकरिया धापूपुर निवासी अग्निवीर इंद्रजीत गुप्ता (24) के ड्यूटी के दौरान हुए आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। श्रीनगर-कुपवाड़ा क्षेत्र में तैनात इंद्रजीत का पार्थिव शरीर रविवार को उनके पैतृक गांव पहुंचा, जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भारी भीड़ एकत्रित थी।

वर्ष 2022 में भारतीय थल सेना में भर्ती हुए इंद्रजीत के निधन की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया। अंतिम विदाई के दौरान भारत माता की जय और इंद्रजीत अमर रहें के नारों से आसमान गूंज उठा। सेना की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अपने साथी को अंतिम सलामी दी। बंधाने के लिए कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, न्यायिक मजिस्ट्रेट जनार्दन प्रसाद और नायब तहसीलदार वसुंधरा त्रिपाठी समेत कई जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

**सैन्य परंपरा का है गौरवशाली परिवार:** इंद्रजीत एक ऐसे परिवार से थे जिसकी रगों में देशभक्ति दौड़ती है। उनके पिता अर्जुन लाल भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं, जबकि उनके भाई वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल में बिहार में तैनात हैं।


कवि सम्मेलन में उपस्थित कवि। अमृत विचार

### कवि सम्मेलन में बही काव्य रसों की धार

**महमूदाबाद, सीतापुर।** मां संकटा देवी धाम के सांस्कृतिक मंच पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुर्सी विधायक साकेन्द्र वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कविता समाज और शासन को आईना दिखाने का सशक्त माध्यम है। समीर शुक्ल फतेहपुर हास्य रचनाओं से गुदगुदाते हुए बोले- हर हर करैं कठौती गंगा, जब हो जाए मन चंगा। देवेंद्र प्रताप सिंह आग इटावा ओज के स्वर में पढ़ा- शेखर की माई भीख मांग मर गई है। डॉ. ओम शर्मा ने सामाजिक विसंगतियों पर प्रहार करते हुए कहा- बूढ़े मां-बाप को त्याग कर लोग कुत्तों को पाल लेते हैं। विकास बौखल बाराबंकी व्यंग्य बाण छोड़ते हुए कहा- प्यार के रोग को आधार से जोड़ा जाए। कमलेश मौर्य मृदु ने कहा कि राष्ट्रप्रेम जगाते हुए पढ़ा वो भारत विश्व में ब्रह्मोस का निर्माण करता है। **मेला महोत्सव में आज :** श्री संकटा देवी धाम मेले में सोमवार रात्रि आठ बजे से गजानन पार्टी के कलाकारों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी मेला मैनेजर अशोक नाग ने दी।

### किशोरियों को लगेगा फ्री एचपीवी टीका


बैठक कर फीडबैक लेते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने बताया कि जिले में 14 वर्ष की किशोरियों के लिए एचपीवी वैक्सीन का विशेष टीकाकरण अभियान शुरू हो चुका है। तीन माह तक चलने वाले अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्रों पर यह टीका नि:शुल्क लगाया जाएगा। अपील की है कि सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) से बचाव के लिए अभिभावक बेटियों का टीकाकरण अवश्य कराएं। अभियान के तहत वैसी किशोरियां जिन्होंने 14वां जन्मदिन मना लिया है लेकिन 15 की नहीं हुई हैं, यह टीकाकरण स्वैच्छिक है पर अभिभावक की लिखित सहमति जरूरी है। जन्म प्रमाण-पत्र या आयु प्रमाण-पत्र अपने साथ लाएं।

## चोरी की कार व असलहा समेत गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


पुलिस की गिरफ्त में हिस्ट्रीशीटर और बरामद माल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद की एसओजी टीम ने चोरी की कार से आकर बैटरियां चुराने वाले गिरोह को दबोचा, इनके पास से चोरी की कार, बैटरियां, असलहे और अन्य सामान की बरामदगी हुई। दावा है कि दो मुजफ्फर नगर और दो शातिर लखनऊ में रहकर वारदात को अंजाम देते रहे हैं। सभी का लंबा-चौड़ा अपराधिक इतिहास रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह और विनायक गोपाल भोसले के मुताबिक, मामला उस समय निगाह में आया जब गत माह शहर के ईदगाह इलाके से खड़ी चौदह गाड़ियों की बैटरियां चोरी हो गई, शातिर अपने साथ एक कार को भी साथ लेकर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की मदद से लखनऊ के चिकमण्डी निवासी मुस्तकीम, मुजफ्फर नगर के थाना खालापार स्थित किदवई नगर निवासी शहजाद, फैजल अब्बास और लखनऊ के ठाकुर गंज थाना क्षेत्र स्थित बसंतकुंज कॉलोनी वासी मोहम्मद शबी को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी की कार, 12 बैटरियां, बड़ी संख्या में बैटरी का बुरादा-चूरा, तमंचा-कारतूस आदि बरामद हुआ। बताया कि सभी पर अलग-अलग जनपदों में केस भी दर्ज हैं।

## सेवता में भाजपा का प्रशिक्षण महाभियान शुरू

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत सेवता विधानसभा के विभिन्न मंडलों में प्रथम सत्र का शुभारंभ किया गया। जहांगीराबाद मंडल में जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विस के जहांगीराबाद, सालपुर, रामपुर मथुरा और रेउसा मंडलों में आयोजित सत्रों में पार्टी द्वारा निर्धारित वक्ताओं ने पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया। इस दौरान रेखा वर्मा, सुधाकर शुक्ला, नैमिष रत्न तिवारी सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। अमृत विचार

### भिटौरा और कमलापुर के बीच हुआ फाइनल मैच

**सीतापुर, अमृत विचार।** ग्राम सभा भिटौरा में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। फाइनल मैच भिटौरा बनाम कमलापुर के बीच खेला गया। जिसमें पहले टॉस जीतकर भिटौरा ने बैटिंग करने का निर्णय लिया। निर्धारित 12 ओवर में भिटौरा ने बनाए 117 रन लक्ष्य का पीछा करने उतरी कमलापुर की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 100 रन ही बना पाई, इस तरह से 18 रन से फाइनल मैच को भिटौरा ने जीत हासिल की। विजेता टीम को 11000 नगद पुरस्कार दिया गया। टूर्नामेंट मैन ऑफ द सीरीज रोशन को दिया गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि विधायक रामकृष्ण भार्गव, ब्लॉक प्रमुख मिश्रिख रामकिंकर पांडेय, प्रधान काजू यादव, जिला पंचायत प्रत्याशी राम लखन राठौर, विजय करण सिंह आदि मौजूद रहे।

### किसान को पीटा, गन्ने की फसल उजाड़ी

**लहरपुर, सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में दबंगों ने खेत में खड़ी गन्ने की फसल को नष्ट कर दिया और विरोध करने पर किसान की बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुशियाना मोहल्ला निवासी वीरेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता के मुताबिक, रात गांव के ही तसव्वर, मुनीर, गुड्डू और शादाब ने उनके खेत में बोई गई गन्ने की फसल को उजाड़ दिया। सुबह जब वीरेंद्र अपने साथी पवन के साथ खेत देखने पहुंचे, तो वहां पहले से मौजूद आरोपियों ने उन्हें देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि दबंगों ने लाठी-डंडों और लात-घूसों से वीरेंद्र को जमकर पीटा, जिससे उन्हें काफी चोटें आईं हैं। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### सड़क हादसे में घायल मजदूर ने तोड़ा दम

**सीतापुर, अमृत विचार।** खैराबाद थाना क्षेत्र के रहीमाबाद में भीषण सड़क हादसे में मौतों का आंकड़ा दो हो गया है। गंभीर रूप से घायल मजदूर दीपक पुत्र मुकेश की ट्रॉमा सेंटर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। इससे पहले, पकरिया निवासी महेंद्र कुमार (28) की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो चुकी थी। हादसा उस वक्त हुआ जब रामगढ़ चीनी मिल में काम खत्म कर 10 मजदूर ऑटो से घर लौट रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घायल अन्य 8 मजदूरों का इलाज अभी भी जिला अस्पताल में चल रहा है।

न्यूज ब्रीफ

## शादी से इंकार करने पर युवती ने खाया जहर, मौत

**रायबरेली :** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय युवती की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार राम सुप्रिया (22) पुत्री राम दुलारे निवासी हरचंदपुर का अनुज कुमार सोनी पुत्र सूरज कुमार सोनी उर्फ सूर्यभान निवासी अचलेश्वर बाजार के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोपी द्वारा शादी से मना करने पर क्षुब्ध होकर युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जंहा डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की मां कमलेश ने थाने में तहरीर देकर कर न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिली है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## बाइक से गिरकर दो लोग घायल

**बछरावां :** बछरावां थाना क्षेत्र के ग्राम महरौरा निवासी विशाल पुत्र नन्हा सिंह व मंजू देवी पत्नी आदित्य के साथ उमरपुर गांव एक मुंडन कार्यक्रम में सम्मिलित होने गए थे। वही से वापस आते समय देर रात में रोड पार कर रहे किसी जानवर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। राहगीरों द्वारा उन्हें बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया है।

## आरोग्य मेले में उमड़ी मरीजों की भीड़

**महराजगंज :** रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घुरौंना और हरदोई में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएचसी घुरौंना में डॉ. हुमा कौशर और डॉ. फहीम ने कुल 86 मरीजों का उपचार किया। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदोई में डॉ. नीलम और डॉ. नरेंद्र कुमार ने कुल 59 मरीज का इलाज किया। इस दौरान उन्हें औषधियां भी प्रदान की गई।

## करंट की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**लालगंज :** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे नरपति मजरे कुम्हरौड़ा गांव निवासी विजय कोरी (50) पुत्र राम अवतार की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार विजय सोहाई बाग मजरे आलमपुर स्थित एक निर्माणाधीन मकान में मजदूरी कर रहा था। इस दौरान मकान की छत के बगल से निकली 11 हजार विद्युत लाइन की चपेट में आने से वह छत से नीचे जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## पेट्रोल पंप को बदनाम करने की साजिश करने का आरोप

**ऊंचाहार :** पंचशील फिलिंग स्टेशन के संचालक ने अपने पेट्रोल पंप को बदनाम करने के लिए साजिश रचे जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर झूठी जानकारी और वीडियो वायरल कर रहे हैं, जिससे उनकी छवि खराब हो रही है। घटना तीन दिन पहले की है, जब पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाह के चलते पंप पर भीड़ जुटी थी। इसी दौरान एक व्यक्ति ने डीजल कम मिलने का आरोप लगाया। संचालक के अनुसार तत्काल जांच कर उसे समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन बाद में कुछ अन्य लोग मौके पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद लोगों को अफवाह न फैलाने की चेतावनी दी। बावजूद इसके, किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। संचालक ने आरोप लगाया कि यह सब उनके विरोधियों की सोची-समझी साजिश है।

# पूर्व मंत्री गिरीश पांडे के नाम पर द्वार और लगेगी प्रतिमा

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

- स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने की घोषणा

**अमृत विचार।** लालगंज पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे के नाम पर द्वार और उनकी आदमकद प्रतिमा लगाये जाने की घोषणा की है।

उन्होंने स्व. गिरीश नारायण पांडे के पुत्र अनूप पांडे से स्थान बताने को कहा है, जिससे प्रतिमा और द्वार का काम जल्द से जल्द कराया जा सके। वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अनूप पांडे ने योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि मंत्री जी के द्वारा की गई घोषणा से कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग का माहौल है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को लालगंज नगर में पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे की प्रथम पुण्यतिथि का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में पहुंचकर योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जहां पूर्व मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की थी वही उनके कार्यों की सराहना भी की थी। कार्यक्रम का आयोजन स्व. गिरीश नारायण पांडे के पुत्र अनिन्द पांडे, अनूप पांडे और अजय पांडे के द्वारा किया गया था।

# डियर चीटर, जब तुम्हारी नफरत में अपनी जान दे सकता हूं, तो...

महराजगंज (रायबरेली)

अमृत विचार Follow UP

- दुनिया को अलविदा कहने से पूर्व अधिवक्ता ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर किए थे दो पोस्ट

**अमृत विचार।** कस्बे के पूरे सुखई आर्य नगर वार्ड में शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब 29 वर्षीय युवा अधिवक्ता शैलेन्द्र यादव का शव उनके घर के अंदर कुर्सी पर खून से लथपथ मिला। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग में आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, क्योंकि मौत से पहले अधिवक्ता ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट साझा किया था।


शैलेंद्र यादव की फाइल फोटो।

अधिवक्ता शैलेन्द्र यादव ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने से पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो पोस्ट किए थे, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायर पोस्ट में उन्होंने लिखा था "डियर चीटर, जब तुम्हारी नफरत में अपनी जान दे सकता हूं, तो सोचो प्यार में क्या-क्या कर देता" और दूसरी पोस्ट में लिखा कि "डियर चीटर, इश्क ने निकम्मा बना दिया वरना मैं भी बंदा था कमाल का" इन पोस्ट्स से साफ जाहिर होता है कि वह मानसिक रूप से परेशान व करीबी से मिले धोखे के कारण टूटे हुए थे।

**शव के बगल में पड़ी मिली थी लाइसेंसी रिवॉल्वर:** चंदापुर थाना क्षेत्र के टीसाखानापुर निवासी शैलेन्द्र यादव कस्बा के पूरे सुखई स्थित अपने मकान में अकेले ही रहते थे। शुक्रवार को घर लौटने के बाद जब शनिवार दोपहर तक उनके घर का दरवाजा नहीं खुला, तो पड़ोसियों को चिंता हुई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा, तो अंदर का मंजर खौफनाक था। शैलेन्द्र का शव कुर्सी पर पड़ा था और उनके सिर के दाहिनी ओर गोली लगने का गहरा निशान था। पास ही उनकी लाइसेंसी रिवॉल्वर भी पड़ी मिली। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि मामला आत्महत्या का है, क्योंकि कमरा अंदर से बंद था। फिर भी हर पहलुओं से घटना की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व सोशल मीडिया पोस्ट्स के आधार पर भी जांच जारी है।

## डाक कर्मी ने फांसी लगाकर दे दी जान

**अमावां (रायबरेली)।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में किराए पर रह रहे एक पोस्ट ऑफिस कर्मचारी ने रविवार को अपने कमरे में ही फांसी लगाकर जान दे दी। काफी देर तक कमरे से कोई आहट न मिलने पर मकान मालिक ने दरवाजा खोल कर देखा तो कर्मचारी का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। यह देख उसके होश उड़ गए। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। भदोही जनपद के सुरियावां थाना क्षेत्र के भटेरवा गांव निवासी योगेश सरोज पुत्र समर बहादुर पोस्ट ऑफिस में कर्मचारी था। योगेश शिवाजी नगर में किराए के एक मकान में कमरा लेकर रह रहा था। रविवार की दोपहर करीब एक बजे तक दरवाजा न खुलने पर मकान मालिक ने कमरे में झांक कर देखा तो उसके होश उड़ गए। योगेश का शव कमरे में ही फांसी के फंदे से झूलता हुआ मिला तो सूचना पुलिस को दी गई। सब इंस्पेक्टर हरजीत सिंह ने बताया कि जांच में पता चला कि मृतक योगेश ने प्रेमिका की किसी बात से क्षुब्ध होकर आत्महत्या की है। जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# गंगा का बढ़ा जलस्तर, डूब गईं रेत में लगीं सब्जियां

## बीते 24 घंटे में करीब तीन फीट जलस्तर में हुई बढ़ोतरी, किसानों का कहना-कई बीघा सब्जी नष्ट

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** पिछले दो दिनों से अचानक गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है, बीते 24 घंटे के अंदर करीब तीन फीट गंगा जल में बढ़ोतरी हुई है। जिससे गंगा के रेत में बोई गई विभिन्न सब्जियां और फल डूब गए हैं।

विगत दो दिनों से अचानक गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा है। रविवार की सुबह क्षेत्र के गोकना गंगा घाट पर जब लोग पहुंचे तो, वहां पर तीर्थ पुरोहितों के तख्त पानी में डूबे हुए थे। यही नहीं गंगा के रेत में बोई विभिन्न फैसले भी डूब गई है। हाल ही में कद्दू से लौकी, खीरा, ककड़ी, करेला, टिंडा, तरबूज, खरबूजा की फसल शुरू हुई थी। रेत में पानी आने से किसानों की कई बीघा सब्जी की फसल नष्ट हो गई, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि उन्होंने जनवरी माह में सब्जी की बुआई की थी लेकिन गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से उनकी कई बीघा सब्जी की फसल नष्ट हो गई। फसल नष्ट होने से उनके परिवार के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो जाएगा। गोकना गांव के किसान रामबाबू निषाद, रामकुमार निषाद, शीतला प्रसाद निषाद, सुरेंद्र, अमित निषाद आदि ने बताया कि उन्होंने गंगा के रेत में विभिन्न सब्जियों और फलों को बोया हुआ था। किंतु गंगा का जलस्तर बढ़ने से सब नष्ट हो गया है। उधर रुकना गंगा घाट के वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित जीतेंद्र द्विवेदी ने बताया कि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे विभिन्न घाटों पर पानी भी चढ़ गया है।


गंगा का जलस्तर बढ़ने से गोकना गंगा घाट डूबे हुए तीर्थ पुरोहितों के तख्त। अमृत विचार

## अघोषित बिजली कटौती से जनता त्रस्त, जिम्मेदार मस्त

**खीरों (रायबरेली) अमृत विचार।** प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति के निर्देशों के बावजूद खीरों क्षेत्र के उपभोक्ता अघोषित कटौती से परेशान हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही पेयजल संकट गहराने लगा है, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। स्थानीय ग्रामीणों व ग्राम प्रधानों का कहना है कि कलुआखेड़ा उपकेंद्र से रनापुर, अतरहर और ऐंधी फीडरों के जरिए करीब 30 हजार की आबादी को बिजली मिलती है, लेकिन जर्जर और पुरानी लाइनों के कारण आपूर्ति बाधित रहती है। नई लाइनें होने के बावजूद पुरानी लाइनों से बिजली दी जा रही है, जिससे आए दिन तार टूटने और स्पार्किंग की घटनाएं होती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग मरम्मत और ट्री कटिंग कराने के बजाय स्पार्किंग से फसलों में आग लगने की आशंका बताकर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक आपूर्ति बंद कर देता है। रात में भी कई बार कटौती होती है, जिससे मुश्किल से 8 घंटे ही बिजली मिल पाती है। इस संबंध में उपभोक्ताओं ने नई लाइनों से आपूर्ति और मरम्मत कार्य कराने की मांग की है। वहीं अवर अभियंता विजय बहादुर सिंह ने बताया कि फसलों को नुकसान से बचाने के लिए दिन में विद्युत आपूर्ति बाधित की जाती है, खेतों में खड़ी फसल कटने के बाद आपूर्ति करने की व्यवस्था सुधारी जाएगी। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।



## समारोह में मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**सरेनी (रायबरेली) अमृत विचार।** क्षेत्र के बृजलाल यादव मेमोरियल पब्लिक स्कूल बेनी माधवगंज में रविवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं सम्मान समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय खो-खो रेफरी सत्य प्रकाश तिवारी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के स्वागत गीत से हुई, जिसके बाद नृत्य, गीत और नाटिकाओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि सत्य प्रकाश तिवारी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ खेल और अनुशासन की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने विद्यालय में शैक्षणिक के साथ सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों की सराहना की। प्रधानाचार्य पवन कुमार ने अभिभावकों और शिक्षकों की संयुक्त भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए बच्चों को निरंतर मेहनत और अनुशासन का संदेश दिया। प्रबंधक डॉ. सुशील यादव ने विद्यालय के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। अंत में मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को भी विशेष सम्मान मिला। संचालन साक्षी सिंह व गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रीति, शिखा सिंह, सरिता सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, जावित्री, श्रद्धा तिवारी, आरती, नेहा यादव, रितु, शिवानी, विनम्रता यादव, सारिका, मदन सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, जावेद, हसमत, शशी, राजेश सिंह, विजय प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।


स्कूल में सम्मानित किए गए मेधावी बच्चे।

## एम्स में खून के तर्कसंगत उपयोग पर सीएमई कार्यक्रम आयोजित

**रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की ओर से सतत चिकित्सा शिक्षा सीएमई का आयोजन किया गया। खून के तर्कसंगत इस्तेमाल पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य खून के तर्कसंगत इस्तेमाल के साथ सुरक्षित ट्रांसफ्यूजन तरीकों को बढ़ावा देने था। निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन, एसजीपीजीआई लखनऊ के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के प्रो. डॉ. धीरज खेतान, डीन नीरज कुमारी अधीक्षक प्रो. डॉ. नीरज श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन ने जान बचाने और खून के अनावश्यक इस्तेमाल को रोकने में सबूत-आधारित ट्रांसफ्यूजन तरीकों की अहम भूमिका पर जोर दिया। प्रो. डॉ. धीरज खेतान ने खून के तर्कसंगत इस्तेमाल पर अहम चर्चा किया। डीन नीरज कुमारी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मरीजों की सुरक्षा और जिम्मेदार स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम है। अधीक्षक प्रो. डॉ. नीरज श्रीवास्तव ने व्यावहारिक ट्रांसफ्यूजन रणनीतियों और अत्याधुनिक टीईजी निर्देशित प्रबंधन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तर्कसंगत ब्लड ट्रांसफ्यूजन तरीकों के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस मौके पर उप निदेशक कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तीय सलाहकार कर्नल उपेंद्र नाथ राय, डॉ. मिलनदीप, डॉ. अरुणप्रीत कौर, डॉ. ज्ञानेश्वर पटाले, डॉ. तृप्ति लोखंडे मौजूद रही।


दीप प्रज्ज्वलन के दौरान मौजूद एम्स डायरेक्टर प्रो. डॉ. अमिता जैन, डीन नीरज कुमारी, अधीक्षक डॉ. नीरज श्रीवास्तव।

## बंजर भूमि से हटवाया गया कब्जा

**बछरावां।** कस्बे के महराजगंज रोड पर स्थित बंजर सरकारी जमीन पर बीते कई दिनों से अराजकतत्वों द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था। रविवार की दोपहर इसकी सूचना मिलने के बाद उप जिलाधिकारी गौतम सिंह के आदेश पर क्षेत्रीय लेखपाल संदीप सिंह ने मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य को रुकवा दिया है। लेखपाल के निर्देश देने के तुरंत बाद अराजक तत्वों ने सरकारी जमीन से कब्जा हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। कस्बे के छोटकू, निहाल, सोनू, रोहित का कहना है कि सरकारी जमीन पर करीब 20 दिनों से निर्माण कार्य चल रहा था जिसकी तहसील प्रशासन को भनक तक नहीं थी। इस संबंध में उप जिलाधिकारी गौतम सिंह का कहना है कि क्षेत्रीय लेखपाल को भेज कर काम रुकवाया गया है। अराजक तत्वों द्वारा अगर दोबारा निर्माण कार्य का प्रयास किया जाएगा तो मुकदमा दर्ज करने के साथ ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

## महिला से मारपीट के आरोप में तीन पर केस दर्ज

**जगतपुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरिकिशनपुर टिकरा मजरे भगवानपुर बढैया में मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्य के दौरान एक महिला के साथ मारपीट और जातिसूचक गालियां देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाना जगतपुर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता तारावती पासी पत्नी स्व .रामकुमार ने बताया कि मनरेगा कार्य के दौरान गांव के ही देवा व विश्वास मौर्य पुत्र संताराम मौर्य तथा अमित सैनी पुत्र शिवभूषण मौके पर पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए काम बंद कराने लगे। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने उसे लात-घूंसों व डंडों से पीट दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे सुरेश पटेल पुत्र रतीपाल को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना में पीड़िता को चोटें आई हैं तथा आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस बाबत जगतपुर थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि दलित महिला से मारपीट करने के आरोप में तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज ली गई है। जांच की जा रही है।

## सुरक्षा संबंधी कानूनों की दी गई जानकारी

**जगतपुर।** मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत थाना जगतपुर क्षेत्र के ग्राम कुसमी में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनों एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान महिला कांस्टेबल राखी भटनागर व अर्चना यादव ने उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध तथा बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से जागरूक किया। उप निरीक्षक ऋषिकेश ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। इस अवसर पर हरेंद्र सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।


महिलाओं को सुरक्षा संबंधी कानून की जानकारी देतीं महिला पुलिस कर्मी।

# रामनवमी के अवसर पर कन्या भोज आयोजित


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** आदिशक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान की ओर से परम पूज्य श्रीश्री 1008 आदि शक्ति मां सूर्य कुमारी के पावन दिव्य दरबार में रामनवमी के अवसर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित भण्डारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में भक्तों को पूड़ी, सब्जी, बूंदी और खीर वितरित की गई। कार्यक्रम में पवन अग्निहोत्री, अंजनी अग्निहोत्री सुरेश अग्निहोत्री, गणेश दीक्षित, डॉ. अशोक त्रिवेदी, अनूप पाण्डेय, नीरज श्रीवास्तव, सुन्दर सिंह, सूर्यबली सिंह, अमन सिंह, अरविन्द मिश्रा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, रतन साहू, कमलेश साहू आदि लोग मौजूद रहे।

**श्रीराम कथा का हुआ आयोजन, लालगंज:** राम जन्मोत्सव पर सामवेदी सरस्वती शिशु मंदिर ऐहार में पांच दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया। कथा वाचक पूर्णेन्दु शास्त्री द्वारा भगवान राम के चरित्र को लोगों को बताया और भगवान के कार्यों का अनुशरण अपने जीवन में करने के लिए भक्तों से आग्रह किया। इस अवसर पर समाजसेवी अनुज अवस्थी ने शास्त्री जी को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेट किया। इस अवसर पर लक्ष्मी शंकर त्रिपाठी, राजेश मिश्र, गुडडू पांडे, धीरेंद्र मिश्र, मनीष मिश्र, राज किशोर पांडे, उत्तम तिवारी, रामनाथ दुबे, सुरेश मिश्र, विकास तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

## 1.94 करोड़ की लागत से बनेगा वृहद गौ संरक्षण केंद्र

**महराजगंज (रायबरेली)।** तहसील क्षेत्र के ओसाह ग्राम पंचायत में एक करोड़ 94 लाख रुपये की कुल लागत से एक "वृहद गौ संरक्षण केंद्र" का निर्माण किया जाएगा। शासन द्वारा परियोजना के लिए 5 लाख 50 हजार रुपये की पहली किस्त स्वीकृत कर दी गई है। पशुधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गौ संरक्षण केंद्र बनाए जाने के लिए पारा खुर्द और तौली बॉर्डर पर चार बीघा भूमि चिन्हित की गई है। निवार को भूमि के निरीक्षण के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप द्विवेदी, उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. उमेश चंद्र आदि ने भूमि का जायजा लिया। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि भूमि का चिन्हांकन पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में स्थल की साफ-सफाई के लिए 5 .50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है।

# 625 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से निपुण विद्यालयों के सम्मान में गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में निपुण सम्मान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया।

कार्यक्रम में पीएम श्री विद्यालय रोझैया भीखम शाह, जगतपुर के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, वहीं प्राथमिक विद्यालय बेहटा खुर्द (राही) के छात्रों ने नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि निपुण विद्यालयों की संख्या के आधार पर जनपद को प्रदेश में 16वीं रैंक और प्रतिशत के आधार पर 30वीं रैंक प्राप्त हुई है, जबकि लखनऊ मंडल में दूसरा स्थान मिला है। उन्होंने बताया कि कक्षा 1 व 2 के 32,398 छात्रों में से 74.15 प्रतिशत निपुण घोषित किए गए हैं। इस अवसर पर 625 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले खंड शिक्षा अधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभिषेक द्विवेदी व कंचन सिंह ने किया।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करती सीडीओ अंजूलता, मौजूद अन्य।

निपुण सम्मान दिवस

आयोजन

कार्यक्रम में कवियों और रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को कर दिया मंत्रमुग्ध

# निराला महोत्सव में बही साहित्यिक सरिता, डलमऊ नगरी गौरवान्वित

डलमऊ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नगर के निराला पार्क में आयोजित निराला महोत्सव साहित्य, संस्कृति और सम्मान का भव्य संगम बन गया। कार्यक्रम में साहित्यकार सम्मान समारोह एवं ग्रंथ विमोचन का आयोजन किया गया, जहां कवियों और रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सुरेंद्र बहादुर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि स्वामी भास्कर स्वरूप महाराज सहित अनेक गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्रानंद गिरि जी महाराज की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन हुआ। इनमें "जीवन की पूंजी", डॉ. आजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा लिखित "डलमऊ का इतिहास", "बैसवारे की अमर प्रेम कथा", "मुल्ला दाऊद कृत चंदायन समग्र समीक्षात्मक अनुशीलन", "जिंदगी के इस खेल में", "अवधी बैसवारी की अंतरंग लोक कथाएं" और "ये मेरा बैसवारा" प्रमुख रहीं।

कार्यक्रम में पूर्व कुलपति डॉ. शिव वरण शुक्ला को महाप्राण सम्मान से अलंकृत किया गया। इसके अलावा पवन कुमार सिंह को निराला स्मृति सम्मान, डॉ. सुरंगमा यादव को मनोहरा देवी स्मृति सम्मान, काजल सिंह को सरोज स्मृति सम्मान तथा मोहम्मद अकरम को मुल्ला दाऊद स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड, डॉ. महादेव सिंह, विनय भदौरिया, अरुण कुमार सिंह, हरिश्चंद्र, बहादुर सिंह, राम अग्रवाल सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। काव्य गोष्ठी में डॉ. महादेव सिंह, अंजनी कुमार सिंह, सतीश कुमार सिंह और आल्हा गायिका काजल सिंह ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

इस अवसर पर दिव्यानंद जी महाराज, स्वामी रामचैतन्य, रामगोपाल वैश्य, संदीप मिश्रा, पुनीत द्विवेदी, वीरेंद्र यादव, संदीप चौधरी, राजेंद्र वैश्य आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



निराला महोत्सव में सम्मानित किए गए साहित्यकार व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार


कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चे व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

**डांडिया उत्सव प्रतियोगिता में युवतियों ने किया प्रतिभाग, सलोन:** चैत्र नवरात्र राम नवमी महोत्सव के समापन अवसर पर कस्बे के श्री मन्कामेश्वरी मंदिर समिति एवं नव युवक अम्बे दल कमेटी की ओर से डांडिया उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यहां पर युवतियों ने हिंदी गुजराती गीतों पर गरबा किया, जिसमें प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागी युवतियों का डांडिया गरबा आयोजन कराया गया। प्रतिभागी बच्चे वैष्णवी, सुनिधि, किट्टू, मनशी, अंशिका, इक्षा, वान्या, आन्या, खुश्बू, प्रियांशी, काव्या, तन्वी, तनु, देविका, जानवी, साक्षी, रितिका आदि बच्चो को कमेटी के उपाध्यक्ष प्रियंक अग्रहरी ने सम्मामिन किया।

इस मौके पर दिनेश साहू, पंडित गया प्रसाद शास्त्री, जय प्रकाश कौशल, अनिल शर्मा, सन्दीप साहू, मंदीप गुप्ता, राजीव साहू, गंगाराम साहू, सौरभ जोशी, अंकित गुप्ता, अतुल, आलोक, अनूप, राजन जोशी आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मनरेगा भुगतान अटकने से मजदूर परेशान

**अमेठी।** जिले में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का भुगतान लंबित है। इससे मैटेरियल सप्लायर, मजदूर और मिस्त्री आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। करीब 28 करोड़ 46 लाख रुपये का बकाया अब तक नहीं मिल पाया है। ग्राम पंचायतों और अन्य विभागों द्वारा कराए गए विकास कार्यों में सामग्री उपलब्ध कराने वाले सप्लायर भुगतान न मिलने से परेशान हैं। आपूर्तिकर्ताओं पर भारी आर्थिक दबाव बन गया है। मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों का लगभग 60 लाख रुपये लंबित है। मिस्त्रियों का करीब 36 लाख 79 हजार रुपये भी बकाया है। इस कारण उनके सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। ऑनलाइन रिपोर्ट के अनुसार सामग्री आपूर्ति के बकाए में तिलोई ब्लॉक सबसे आगे है। बाजार शुकुल, जामो, गौरीगंज और भेटुआ ब्लॉक भी इसमें शामिल हैं। एपीओ मुईन अहमद ने इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बजट प्राप्त होते ही बकाया भुगतान जल्द कराया जाएगा। मनरेगा कार्यों के लिए सामग्री उपलब्ध कराने वाले सप्लायर भुगतान न मिलने से परेशान हैं। मनरेगा में कार्यरत मजदूरों का 60 लाख रुपये का भुगतान लंबित है। वहीं मिस्त्रियों को भी करीब 36 लाख 79 हजार रुपये नहीं मिले हैं। इस बकाया राशि के कारण उनके घरों में रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। यह स्थिति उनके जीवन पर सीधा नकारात्मक प्रभाव डाल रही है।

### शराब दुकान से चोरों ने उड़ाया माल

**जगदीशपुर (अमेठी) :** कोतवाली क्षेत्र के देवकली चौराहे स्थित एक शराब की दुकान को बीती रात चोरों ने निशाना बना लिया। रविवार सुबह जब दुकान मालिक रोज की तरह दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का सामान बिखरा देखकर उन्हें चोरी की घटना का पता चला। जांच करने पर पता चला कि दुकान से करीब 45 हजार रुपये नगद, 56 केन बीयर, 99 शीशी देशी शराब और सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही दुकान मालिक ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस चोरी की घटना से जुड़े सुराग जुटाने में लगी हुई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस की रात्रि गश्त को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुलिस की गश्त नियमित और सक्रिय रहती तो शायद चोर इस तरह वारदात को अंजाम देने की हिम्मत नहीं करते। कोतवाल धीरेन्द्र यादव ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर केस दर्ज किया गया है पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

### महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

**रायबरेली :** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में नवरात्र के अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने जप, तप और उपवास के साथ 24 हजार गायत्री मंत्र का अनुष्ठान संपन्न किया। अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर गायत्री शक्ति पीठ में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दीं। यज्ञ का संचालन पूनम शर्मा, डॉ. सुधा तिवारी और संदीप पांडेय ने संगीतमय वातावरण में किया। इस दौरान प्रेरणादायक भजन प्रस्तुत किए गए। संस्कार शाला में यज्ञोपवीत, अन्नप्राशन और विद्यारंभ जैसे संस्कार भी कराए गए। भंडारे में एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अधिवक्ता शंकर लाल गुप्ता को सम्मानित किया गया। डॉ. भगवानदीन यादव, गुरुदयाल, गीता मिश्रा, रेनू शुक्ला, यशवंत सिंह रहे।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

## शिवरतनगंज-हैदरगढ़ मार्ग के टिकरी गांव के पास साइकिल सवार को पीछे से मारी टक्कर, दो घायल

सिंहपुर (अमेठी)



हादसे के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के टिकरी गांव में रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में 56 वर्षीय अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम मच गया।



हनुमान रावत की फाइल फोटो।

टिकरी गांव निवासी हनुमान रावत हैदरगढ़ से साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह अपने गांव टिकरी की ओर मुड़ने लगे, पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल और बाइक दोनों काफी दूर तक घसीटते चले गए। हादसे में हनुमान रावत की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक सवार शिवरतनगंज निवासी गुलफाम (23) और फिरोज (21) पुत्रगण रईस गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को इलाज के लिए सी एच सी हैदरगढ़ अस्पताल भेजा गया।जहां दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही शिवरतनगंज पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई और हालात को नियंत्रित किया। स्थानीय लोगों के अनुसार बाइक सवार हैदरगढ़ से शिवरतनगंज की ओर तेज रफ्तार में जा रहे थे, जिससे यह हादसा हुआ। मृतक हनुमान रावत की तीन बेटियां हैं जो शादीशुदा हैं और पत्नी का पूर्व में ही देहांत हो चुका है । उनकी मौत की खबर सुनते ही परिवार में मातम छा गया और बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि उनकी छोटी बेटी और दामाद उनके साथ ही टिकरी में रहते थे। वहीं थाना अध्यक्ष दया शंकर मिश्र ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायलों का इलाज जारी है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, बछरावां (रायबरेली):** बीती शनिवार की रात लखनऊ से रायबरेली जा रही काशी विश्वनाथ ट्रेन जैसे ही मोहनलालगंज के पास पहुंची तो गेट संख्या 202 ए के पास एक अज्ञात युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। लोको पायलट द्वारा बछरावां आरपीएफ को मेमो देखकर घटनाक्रम की जानकारी दी गई। आरपीएफ चौकी इंचार्ज बछरावां चंद्र भूषण राय ने बताया कि मृतक युवक की उम्र करीब 32 वर्ष है पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### दो सड़क हादसों में बाल-बाल बचे लोग

**महराजगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र में शनिवार रात दो अलग-अलग मार्गों पर भीषण सड़क दुर्घटनाएं हुईं। फिलहाल इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। पहली घटना महराजगंज-हैदरगढ़ मार्ग पर हुई, जहां एक डीसीएम चालक शराब के नशे में लापरवाही से वाहन चला रहा था। जियापुर गांव के पास वाहन अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। चालक मनोज कुमार निवासी बाराबंकी को पुलिस व ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालकर सीएचसी भेजा गया।



दुर्घटनास्थल पर पलटी डीसीएम।

दूसरी दुर्घटना महराजगंज-बछरावां मार्ग पर सलेथू के पास हुई। किराना व्यापारी विचित्र चौधरी की फॉर्च्यूनर कार को पीछे से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। सभी लोग सुरक्षित बच गए। पुलिस ने डंपर और चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# पंचायत चुनाव को लेकर सांसद ने बनाई रणनीति



बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सांसद किशोरी लाल शर्मा। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** सांसद किशोरी लाल शर्मा ने रविवार को अपने दो दिवसीय क्षेत्रीय दौरे के दूसरे दिन गौरीगंज स्थित केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में जनसुनवाई की और संगठनात्मक बैठकों के माध्यम से आगामी पंचायत चुनाव की रणनीति पर चर्चा की।

उन्होंने सुबह दस बजे पहुंचकर सबसे पहले सोशल मीडिया पदाधिकारियों के साथ बैठक की और पार्टी की विचारधारा को डिजिटल माध्यमों से जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने शीघ्र ही सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कराने की घोषणा भी की।

इसके बाद अमेठी संसदीय क्षेत्र के 131 न्याय पंचायत अध्यक्षों, 17 ब्लॉक अध्यक्षों और 7 नगर अध्यक्षों की बैठक हुई। सांसद शर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की असली ताकत है और आगामी पंचायत चुनाव व 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ताओं को पूरी सक्रियता के साथ तैयार रहना होगा। उन्होंने पंचायत चुनाव में कार्यकर्ताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल और पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के बाद सांसद मुसाफिरखाना व जगदीशपुर में सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए रवाना हो गए।

# दैनिक सामान और फलों के बढ़े दाम, जेब पर पड़ रहा बुरा असर

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** ईरान और अमेरिका के बीच हो रहे युद्ध के बीच इन दिनों फलों और दैनिक सामान के दाम बढ़ गए है मुंशीगंज और अमेठी के आसपास के बाजारों में फलों के दाम तेजी से बढ़ गए हैं। केला, सेब, अंगूर और अनार जैसे फल आम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। बाजार में महंगाई साफ दिख रही है।

स्थानीय बाजार अमेठी, मुंशीगंज, पीपरपुर, टीकरमाफी और दुर्गापुर में सुबह से ही फलों और किराना की दुकानों पर भीड़ लग रही है। लोग ज्यादा मात्रा में फल और दैनिक उपयोग की सामान की खरीद रहे हैं, जिससे खपत बढ़ गई है। करीब 10-15 दिन पहले 125 से 150 रुपये किलो बिकने वाला सेब अब 180 से 200 रुपये किलो तक पहुंच गया है। वहीं केला जो पहले 40 से 50 रुपये दर्जन मिलता था, अब 65 से 70 रुपये दर्जन बिक रहा है। फल विक्रेता शुभम ने बताया कि नवरात्र में बिक्री तीन से चार गुना तक बढ़ गई थी। सीजन खत्म होने और थोक बाजार में महंगा माल आने से खुदरा दाम भी बढ़े हैं। व्यापारियों का कहना है कि अभी कीमतों में राहत मिलने की उम्मीद कम है, जिससे आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है।



अमेठी कस्बे में सजी फल की दुकान।

# ओनई व अध्यक्ष क्लब अमेठी बना विजेता

सतांव (रायबरेली)

**अमृत विचार।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंतरप्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-5 एवं स्व. राकेश सिंह व स्व. सुशील सिंह स्मारक ग्राम स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले शनिवार को गन्ना कांटा मैदान में खेले गए। दोनों मुकाबलों में रोमांचक खेल देखने को मिला।




क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विजेता टीम के प्रतिभागी। अमृत विचार

**क्रिकेट प्रतियोगिता**

- पफाइनल मैच में देखने को मिला रोमांचक मुकाबला

ग्राम स्तरीय प्रतियोगिता के फाइनल में ओनई और बैसन का पुरवा (सुल्तानपुर खेड़ा) की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए ओनई टीम ने 10 ओवर में 116 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बैसन का पुरवा टीम अंतिम ओवर में जीत से चूक गई। ओनई के तेज गेंदबाज रिभू सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र 1 रन देकर 2 विकेट लिए और टीम को जीत दिलाई। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया, जबकि नितिन सिंह मैन ऑफ द सीरीज बने। वहीं अंतरप्रांतीय प्रतियोगिता के फाइनल में अध्यक्ष क्लब अमेठी ने केपी गार्डेन लखनऊ को 23 रनों से हराया। अमेठी ने 15 ओवर में 240 रन बनाए, जवाब में लखनऊ की टीम 217 रन ही बना सकी।

मैच के उपरांत पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विजेता टीमों को नकद धनराशि व ट्रॉफी दी गई। समारोह में कई गणमान्य लोग व बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजक उमेश प्रताप सिंह ने सभी का आभार जताया।

### दादरा गांव में देवी हिंगलाज महायज्ञ और प्रवचन से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा

**मुसाफिरखाना (अमेठी) अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के दादरा गांव में पौराणिक देवी हिंगलाज धाम पर सोमवार से शुरू हो रही सात दिवसीय महायज्ञ एवं प्रवचन कथा से पूर्व रविवार को श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली ।कलश यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वांचल बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह ने फीता काट कर कार्यक्रम की शुरुआत की। भव्य कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से चल कर बाबा पुरूषोत्तम दास धाम का भ्रमण करते हुए यात्रा आदि गोमती नदी के तट पर पहुँची ।जहाँ पर महिलाएं कलश में जल भरकर कोदैली के हनुमान मंदिर पहुंची जहाँ से पूजा अर्चना के पश्चात भव्य कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्थान किया। कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के पश्चात आचार्य द्वारा पूजित कलश स्थापित कर पूजा अर्चना की गई । कलश यात्रा के दौरान डीजे की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आये। यह महायज्ञ एवं प्रवचन 30 मार्च से 5 अप्रैल तक चलेगी। 2 अप्रैल को विशाल दुखदुरिया और 6 अप्रैल को पूर्णहुति तथा 8अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इस दौरान मुख्य यजमान दल दपट बहादुर सिंह सपत्नीक,हंसराज सिंह व अमरेश सिंह सपत्नीक, हारीत सिंह,रणवीर सिंह,सुशील शुक्ला,महेंद्र मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय,फतेह बहादुर सिंह, सुनील श्रीवास्तव, आदित्य श्रीवास्तव, अजीत सिंह,सुजीत सिंह,जीत बहादुर सिंह, शैलेंद्र सिंह, अनुज तिवारी, मनोज मिश्रा, राजू सिंह, जय विंद सिंह,सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहे।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### सामूहिक यज्ञोपवीत कार्यक्रम का आयोजन



सामूहिक यज्ञोपवीत कार्यक्रम में उपहार भेंट करतीं समाजसेवी सुधा द्विवेदी।

**सरेनी (रायबरेली), अमृत विचार।** सनातन संस्कार फाउंडेशन उत्तर प्रदेश की ओर से सरेनी क्षेत्र के उसरू ग्राम सभा में स्थित श्री बालाजी मंदिर में सामूहिक यज्ञोपवीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 111 बटुको का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। इस मौके पर सनातन संस्कार फाऊंडेशन के उपाध्यक्ष अन्जनेय बाजपेई, अजिता बाजपेई, सुधा द्विवेदी, शैलेंद्र अग्निहोत्री, आशु बाजपेई, पंकज पांडे, राजा पांडे, गौरव अवस्थी, विनोद शुक्ल, कमलाकांत शुक्ला, अन्जनेय बाजपेई, सतीश मिश्रा, आशीष मिश्रा, विपिन, आदर्श तिवारी, गणेश दीक्षित, राकेश शुक्ला, किशोर मिश्रा, जय प्रकाश बाजपेई, प्रभु शंकर बाजपेई, सदन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### दामाद ने ससुराल में किया उत्पात

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार।** दहेज प्रताड़ना के एक गंभीर मामले में दामाद ने अपने परिजनों और साथियों के साथ मिलकर ससुराल में जमकर उत्पात मचाया। आरोपितों ने घर में घुसकर लोहे की रॉड से हमला किया, परिजनों के साथ मारपीट की और घर में तोड़फोड़ कर दहशत फैला दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी समेत अन्य की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार सरबजीत बाजार मजरे सिंहपुर निवासी अमित कुमार ने बताया कि उनकी बहन शालिनी की शादी करीब पांच वर्ष पहले रखैना मजरे पन्हौना निवासी धर्मराज के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज को लेकर शालिनी को प्रताड़ित किया जा रहा था। इसको लेकर एक माह पूर्व दोनों पक्षों में समझौता भी हुआ था ।शनिवार शाम धर्मराज अपने पिता व साथियों के साथ ससुराल पहुंचा और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया और घर में तोड़फोड़ की। घटना से परिवार में भय का माहौल बन गया। थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने बताया कि मामले में धर्मराज, बालकुमार, बृजेश, रोहित और उमेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इनमें से बृजेश, रोहित व उमेश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र में रामपुर खुर्द निवासी रमेश अग्रहरि (45) गांव के ही कन्हैया (27) के साथ बाइक से कादीपुर बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मुडिला डीह बाजार की ओर से आ रहे मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव निवासी अभिषेक (28) अपने साथी बब्लू (15) के साथ दूसरी बाइक पर सवार थे। ककना गांव के पास दोनों बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी कादीपुर में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने रमेश अग्रहरि, कन्हैया और अभिषेक को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां से हालत नाजुक होने पर रमेश अग्रहरि और कन्हैया को ए ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भेजा गया है।

# नव वर्ष प्रतिपदा पर संघ ने निकला पथ संचलन

कमरौली (अमेठी)

**अमृत विचार।** रविवार को शाम नव संवत्सर के पावन अवसर पर माधव नगर, औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में संघ की ओर से भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया।

क्राइस्ट द किंग स्कूल प्रांगण से प्रारंभ हुआ यह संचलन लगभग 5 किलोमीटर लंबा रहा, जो माधव नगर से रोड नंबर 2, कमरौली, रोड नंबर 4 होते हुए माधव धाम के रास्ते पुनः विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुआ। इस दौरान हजारों की संख्या में स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता ने पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया।पथ संचलन में पूर्ण गणवेश में सुसज्जित स्वयंसेवकों ने अनुशासन और एकता का उत्कृष्ट परिचय दिया। कदम से कदम मिलाकर चल रहे युवाओं का जोश और समर्पण लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। मार्ग के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, जिससे वातावरण में उत्साह और गौरव की भावना और प्रबल हो गई।कार्यक्रम में आदित्य विक्रम नगर संघचालक जिला संघचालक प्रेम बहादुर तथा सुल्तानपुर-अमेठी विभाग प्रचारक श्री प्रकाश की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अलावा जगदीशपुर विधायक सुरेश, कुंवर मृगांकेश्वर शरण (तिलोई), ब्लॉक प्रमुख राजेश विक्रम, तिलोई ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार मुन्ना, विशाल विक्रम, अभिषेक विक्रम, गौरव शिवराज, हेमंत, मान, संदीप और संजय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जिला कार्यवाह अरविंद, सुरेश जी सद्भाव संयोजक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष संदीप की भूमिका आयोजन में विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही। पथ संचलन की सुरक्षा और व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी मुकेश पटेल मय फोर्स पूरे समय तैनात रहे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।इस अवसर पर वक्ताओं ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन, स्वत्व के बोध, अपने पुरुषार्थ पर विश्वास तथा ज्ञान-विज्ञान पर गर्व जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए।




पथ संचलन निकालते संघ के स्वयं सेवक। अमृत विचार

# टैक्सी चालक ने दुकानदार पर चाकू से किया हमला

जगदीशपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** दुकान के सामने प्राइवेट टैक्सी खड़ी कर सवारी भरने को लेकर रविवार को शाम को हुए विवाद में एक टैक्सी चालक ने दुकानदार पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना कोतवाली क्षेत्र के शुकुल बाजार मोड़ स्थित पुलिस बूथ के सामने की है। कस्बा निवासी मोहम्मद अनीस, जो 'अरहान चूड़ी एवं मैचिंग पैलेस' नाम से दुकान चलाते हैं, रविवार शाम करीब चार बजे अपनी दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान एक अज्ञात टैक्सी चालक दुकान के सामने गाड़ी खड़ी कर सवारी भरने लगा। दुकानदार द्वारा मना करने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि टैक्सी चालक ने अचानक चाकू निकालकर अनीस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही आरोपी टैक्सी चालक मौके से फरार हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के भाई की तहरीर पर मामला दर्ज किया जा रहा है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र यादव ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर केस दर्ज किया जा रहा है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर टैक्सी नंबर की जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपी के गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**आयोजन**

## अभिभावकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उचित मार्गदर्शन देने का किया गया आह्वान

# वार्षिक परीक्षा समारोह में मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** चन्द्रशेखर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। शांतिकुंज, हरिद्वार से आए संत, मनीषियों एवं विद्यालय के प्रबंधक ओम प्रकाश शुक्ला द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया।

समारोह के दौरान कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। संत मनीषियों ने विद्यार्थियों को संस्कारवान एवं अनुशासित जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। वहीं अभिभावकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उचित मार्गदर्शन देने का आह्वान किया।

विद्यालय परिवार द्वारा गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने के संकल्प को दोहराते हुए प्रबंधक ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पहल विगत चार-पाँच वर्षों से निरंतर जारी है, जिससे अभिभावकों में हर्ष व्याप्त है और उनके आर्थिक बोझ में भी कमी आ रही है। कॉलेज के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने संपूर्ण कार्यक्रम की सराहना की। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।



समारोह में मेधावी को सम्मानित करते अतिथिगण। अमृत विचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**लालगंज।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "मन की बात" कार्यक्रम की 132वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने नवरात्र के पावन पर्व पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और नारी शक्ति के सम्मान पर भी जोर दिया। वहीं भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने भाजपा कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर कार्य करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री के मन की बात को सरेनी विधानसभा के अधिकांश बूथों पर सुना गया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अनूप पांडे, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, ब्रम्हेद्र विक्रम सिंह, कौशलेंद्र कंचन, शिवम गुप्ता, योगेश द्विवेदी, कैलाश बाजपेई, सुरेंद्र गुप्ता, राजेश निर्मल, अखिलेश बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।



प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुनते भाजपा कार्यकर्ता।

